


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,रविवार 3 मार्च 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-334 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मुठभेड़ में 1 जवान शहीद,नक्सली ढेर

**पखांजूर,3 मार्च।** कांकेर जिले के छोटे बेटियां थाना क्षेत्र के हिदुर गांव में हुआ मुठभेड़ में बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी पुष्टि किया है कि सर्चिंग के दौरान एक वर्दीधारी पुरुष माओवादी का शव एवम् एक नग एके-47 बरामद किया गया है,मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग अभियान जारी है। आज दिनांक 03 मार्च 2024 को जिला-कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलो में माओवादिओं की उपस्थिति की आसूचना पर ऑपरेशन पर पुलिस पार्टी रवाना हुई थी,सर्चिंग अभियान के समय हिदूर के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है,मुठभेड़ क़रीबन एक घंटे से जारी है कांकेर डीआरजी पुलिस और नक्सलियों के बीच चल रही है यह मुठभेड़,उपरोक्त मुठभेड़ में बस्तर फ़ाईटर्स का आरक्षक रमेश कुरेठी गोली लगने से शहीद हो गया है,मुठभेड़ में सर्चिंग के दौरान एक पुरुष माओवादी का शव एवम् एक नग एके-47 बरामद किया गया है, मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग अभियान जारी है.

### टिकट कटने के बाद हर्षवर्धन ने राजनीति को कहा अलविदा

**नई दिल्ली,3 मार्च।** लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी के कई बड़े नेता राजनीति से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। पहले गौतम गंभीर और फिर जयन्त सिन्हा के बाद अब चांदनी चौक से मौजदा सांसद डॉ हर्षवर्धन ने भी राजनीति को अलविदा कहने का फैसला कर लिया है। रविवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट शेयर कर उन्होंने सक्रिय राजनीति से खुद को अलग करने का ऐलान किया। उन्होंने अपने इस पोस्ट में कहा है कि 30 साल के शानदार राजनीतिक करियर के बाद अब वह वापस अपनी जड़ों की तरफ लौटना चाहते हैं।

### बैंक में चोरी नहीं कर पाए तो लगा दी आग

**जशपुर,3 मार्च।** पत्थलगांव स्टेट बैंक में चोरी का प्रयास विफल हो जाने के बाद बदमाशों ने वहां आग लगा दी. पुलिस की पेट्रोलिंग टीम और अन्य लोगों ने जब यहां आग की लपटें और धुंआ उठता देखा. जिसका सूचना दमकल को दी गई. इससे समय रहते फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया. इस बैंक में पहले भी सेंधमारी कर लाखों रुपये चोरी होने की घटना हो चुकी है. उप पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप ने बताया कि रविवार तड़के पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को बैंक के अंदर से आग की लपटें और धुंआ उठता दिखाई दिया था. जिसके बाद तत्काल दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया. एएसपी ने बताया कि बदमाशों ने फिर से सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया है. लेकिन नगद रकम ले जा पाने में विफलता की बात सामने आ रही है.

### आंध्र प्रदेश रेल हादसे में बड़ा खुलासा

## फोन में क्रिकेट देखने में व्यस्त थे लोको पायलट, 14 यात्रियों की गई थी जान

**भुवनेश्वर,3 मार्च।** 2023 में आंध्र प्रदेश में हुए ट्रेन हादसे को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 29 अक्टूबर 2023 को जब दो यात्री ट्रेनों के बीच टक्कर हुई तो उस वक्त एक ट्रेन के लोको पायलट और सह-पायलट मोबाइल पर क्रिकेट मैच देख रहे थे. इस हादसे में 14 यात्रियों की जान चली गई थी.

बता दें कि 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली में हावड़ा-चेन्नई लाइन पर रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी. इस घटना में 14 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे. रेल मंत्री ने नए सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए शनिवार को आंध्र ट्रेन दुर्घटना का जिक्र किया, जिन पर भारतीय रेलवे काम कर रहा है.



उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में हालिया त्रासदी ट्रेन ऑपरेटरों की पूर्ण एकाग्रता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करती है. हम ऐसे सिस्टम पेश कर रहे हैं जो विकर्षणों का पता लगाने में सक्षम हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पायलट और उनके सहायक पूरी तरह से अपनी ड्यूटी पर केंद्रित रहें. हालांकि रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की आधिकारिक रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन दुर्घटना के अगले दिन रेलवे अधिकारियों की ओर से की गई प्रारंभिक जांच में रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के चालक और सहायक चालक को टक्कर के लिए जिम्मेदार पाया गया. बताया जा रहा है कि उन्होंने दो दोषपूर्ण तरीके से ऑटो सिग्नलों की अनदेखी की, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें उनकी भी जान चली गई.

## राहुल गांधी के काफिले में धक्का-मुक्की

**ग्वालियर,3 मार्च।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज 50वां और मध्य प्रदेश में दूसरा दिन है। शनिवार को ग्वालियर में यात्रा के रात्रि विश्राम के बाद आज यात्रा आगे बढ़ी। इस दौरान राहुल गांधी ने शिवपुरी लिंक रोड के एक मैरिज गार्डन में अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों से संवाद किया। संवाद करने के बाद राहुल गांधी का काफिला मोहना के लिए रवाना हुआ। जहां उन्होंने आदिवासियों से भी संवाद किया। अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों से संवाद के बाद राहुल गांधी मोहना के लिए रवाना हो रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी के काफिले में जोरदार धक्का मुक्की हुई। युवक कांग्रेस के नेताओं से सुरक्षाबलों ने धक्का मुक्की की। रविवार को यात्रा मोहना तक ही रखी गई। इसके बाद यात्रा को शिवपुरी के सतनवाड़ा में पहुंचना था, लेकिन राहुल गांधी ने यात्रा से ब्रेक लिया है। वे बिहार के पटना में आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक और रैली में हिस्सा लेंगे। ग्वालियर में भारी भरकम काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल से रवाना हुए राहुल गांधी के साथ में दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी मौजूद रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुए अग्निवीर और पूर्व सैनिक संवाद कार्यक्रम में दो



सैकड़ा अग्निवीर शामिल हुए।

वही संवाद के बाद अग्निवीरों का कहना है कि राहुल गांधी ने कहा है कांग्रेस की सरकार बनी तो अग्निवीर योजना खत्म की जाएगी। पूर्व सैनिकों की ओर से कांग्रेस के एक्स सर्विसमेन डिपार्टमेंट के नेशनल चेयरमैन रोहित चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि दो बिंदुओं पर राहुल गांधी ने अग्निवीरों और एक्स सर्विसमेन से बातचीत की है। जय जवान कैंपेन हमने चलाया है। राहुल गांधी ने कटिहार से लॉन्च किया था। उसमें दो मुद्दे शामिल हैं, पहला आर्मी और एयर फोर्स में चयनित डेढ़ लाख अभ्यर्थियों को तत्काल प्रभाव से जॉइनिंग दी जाए। दूसरा ओल्ड भर्ती प्रक्रिया को लागू किया जाए।

## मोदी पर भरोसा विश्वासघात की गारंटी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली,3 मार्च।** चंद दिनों में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो जाएगा. चुनावी माहौल के बीच राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पीएम मोदी पर करारा हमला बोला है. साथ ही उनकी नीतियों पर सवालिया निशान भी खड़े किए हैं. उन्होंने हमला करते हुए कहा, पीएम मोदी हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज की यात्रा का सपना दिखा रहे हैं. लेकिन मोदी सरकार की ज्यादातर नीतियां अमीरों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं. बता दें कि राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मोदी सरकार पर हमला करते हुए लिखा, 'हवाई चप्पल' वालों को हवाई जहाज की यात्रा का सपना दिखा, नरेंद्र मोदी 'गरीबों की सवारी' रेलवे को भी उनसे दूर करते जा रहे हैं. हर साल 10% बढ़ता किराया, डायनामिक फेयर के नाम पर लूट, बढ़ते कैंसलेशन चार्जेस और महंगे प्लेटफार्म टिकट के बीच लोगों को एक ऐसी 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर बहलाया जा रहा है जिस पर गरीब पांव तक नहीं रख सकता.

आगे राहुल गांधी ने कहा, सिर्फ अमीरों को ध्यान में रख कर बनाई जा रही रेलवे की नीतियां रेल पर निर्भर भारत की 80% आबादी के साथ धोखा है. मोदी पर भरोसा 'विश्वासघात की गारंटी' है. उन्होंने लिखा कि एसी डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिये जनरल डिब्बों की संख्या कम की जा रही है, जिसमें मज़दूर और किसान ही नहीं छात्र और नौकरीपेशा भी यात्रा करते हैं.



सामान्य डिब्बों के मुकाबले एसी डिब्बों का निर्माण भी 3 गुना कर दिया गया है. वरिष्ठ नागरिकों तक से उन्हें मिलने वाली छूट छीन कर पिछले 3 वर्षों में सरकार उनसे 3,700 करोड़ की वसूली कर चुकी है. प्रचार के लिए चुनी गई ट्रेन के लिए आम आदमी की ट्रेनों को जहां तहां खड़ा कर दिया जाता है. गरीब और मध्यमवर्गीय यात्री रेलवे की प्राथमिकता से बाहर कर दिए गए हैं. दरअसल रेल बजट को अलग से पेश करने की परंपरा खत्म करना, इन्हीं 'कारनामों' को छिपाने की साजिश थी. सिर्फ अमीरों को ध्यान में रख कर बनाई जा रही रेलवे की नीतियां रेल पर निर्भर भारत की 80% आबादी के साथ धोखा है. मोदी पर भरोसा 'विश्वासघात की गारंटी' है.' प्रचार के लिए चुनी गई ट्रेन के लिए आम आदमी की ट्रेनों को जहां तहां खड़ा कर दिया जाता है. गरीब और मध्यमवर्गीय यात्री रेलवे की प्राथमिकता से बाहर कर दिए गए हैं. कांग्रेस नेता ने लिखा कि एसी डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिये जनरल डिब्बों की संख्या कम की जा रही है, जिसमें मज़दूर और किसान ही नहीं छात्र और नौकरीपेशा भी यात्रा करते हैं. सामान्य डिब्बों के मुकाबले एसी डिब्बों का निर्माण भी 3 गुना कर दिया गया है. दरअसल रेल बजट को अलग से पेश करने की परंपरा खत्म करना, इन्हीं 'कारनामों' को छिपाने की साजिश थी.

### मोदी ने की वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने वालों की सराहना

**नई दिल्ली,3 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहने वालों की सराहना की। लोगों के जीवन और ग्रह में वन्यजीवों की अहम भूमिका और योगदान को देखते हुए हर साल तीन मार्च को संयुक्त राष्ट्र विश्व वन्यजीव दिवस (डब्ल्यूडब्ल्यूडी) मनाया जाता है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''वन्यजीव दिवस पर सभी वन्यजीव प्रेमियों को शुभकामनाएं। यह हमारे ग्रह पर जीवन की अविश्वसनीय विविधता का जश्न मनाने और इसकी रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं उन सभी की सराहना करता हूं जो पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाने में अग्रणी हैं और वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं।



## मुख्यमंत्री ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की खुराक

**रायपुर,3 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को अपने गृह ग्राम बगिया में नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की. सीएम ने इस दौरान अपने निवास स्थान से बच्चे दिव्यांश यादव, डेविड साय और शीतल पैकरा को गोद में लेकर ड्रॉप पिलाया. मुख्यमंत्री साय ने अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाये ताकि कोई भी बच्चा छूटे न. बता दें कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित किया जा रहा है. पल्स पोलियो अभियान तीन दिन तक चलाया जाएगा. पहले दिन 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी. 4 और 5 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जाएगा. स्वास्थ्य केन्द्र और आगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया जाएगा. इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है.

## ईडी के खिलाफ मारपीट व प्रताड़ना की शिकायतें खारिज

**रायपुर,3 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ जाँच पूछताछ के दौरान मारपीट और प्रताड़ित किए जाने की शिकायतों का ईडी की विशेष



अदालत ने निस्तारण कर दिया है। ईडी के अधिकारियों के खिलाफ आवेदनों का निस्तारण विशेष अदालत ने 2 मार्च को सुनवाई के बाद किया है। ईडी के खिलाफ कोर्ट में तीन आवेदन पेश किए गए थे। ईडी के खिलाफ यह आवेदन कोयला स्कैम की जाँच और संदेहियों से पूछताछ और कथन रिकॉर्ड करने के बाद किए गए थे। ये आवेदन कोयला लेव्ही स्कैम और आबकारी घोटाले से जुडे मामले की विवेचना के दौरान दिए गए थे। इन आवेदनों में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ अपराधिक मामला चलाए जाने की याचना कोर्ट से की गई थी। ईडी के खिलाफ इन शिकायतों में 2 मार्च को ईडी की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। ये आवेदन दीपेश टोंक, वतन चंद्राकर और निखिल चंद्राकर की ओर से पेश किये गए थे।सुनवाई के दौरान यह तथ्य आया कि, वतन चंद्राकर ने आवेदन वापस ले लिया है, जबकि दीपेश टोंक और निखिल चंद्राकर की ओर से किसी की भी उपस्थिति नहीं होने की वजह से आवेदन ख़ारिज कर दिया गया।

### अनुभवी, दिग्गज और नए लोगों को मिला मौका : साव

**रायपुर,3 मार्च।** छत्तीसगढ़ की सियासत में बीजेपी के 11 लोकसभा उम्मीदवारों के नामों के ऐलान के बाद चुनावी पारा अब बढ़ गया है. इन सबके बीच बीजेपी प्रत्याशियों की घोषणा पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है. अरुण साव ने कहा, भाजपा ने सभी 11 लोकसभा सीटों का ऐलान कर दिया है. पार्टी ने एक संतुलित टीम उतारी है. अनुभवी, दिग्गज और नए लोगों को मौक़ा मिला है. प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जिस प्रकार से रिस्पांस आया है,उससे साफ है कि हम 11 लोकसभा सीट जीत रहे हैं. इतना ही नहीं कई सांसदों के टिकट काटने को लेकर भी अरुण साव ने कहा, पार्टी हर एक कार्यकर्ता के बारे में विचार करती है. समय-समय कर अलग अलग जिम्मेदारी दी जाती है. इसी आधार 11 प्रत्याशियों को मौका मिला है.

## कोयला स्कैम : विधायक यादव को कोर्ट से राहत नहीं

**रायपुर,3 मार्च।** कोयला लेव्ही स्कैम मामले में आरोपी बनाए गए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को क़ानूनी उलझनों में राहत नहीं है। ईडी की विशेष अदालत में उनके द्वारा पेश आवेदन को ख़ारिज कर दिया गया है, इस आवेदन में दो आग्रह करते हुए देवेंद्र यादव की ओर से तात्कालिक राहत माँगी गई थी।विधायक देवेंद्र यादव, कांग्रेस प्रवक्ता आर पी सिंह और कांग्रेस नेता विनोद तिवारी के खिलाफ दूसरी बार कोर्ट ने ज़मानती वारंट जारी किया है, वहीं सात अन्य के विरुध्द समंस जारी किया गया है। ईडी की ओर मनीलॉड्रिंग एक्ट पीएमएलए के तहत कोयला लेव्ही घोटाले का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसमें कोर्ट में जेल में निरुद्ध आरोपियों के अलावा दस लोगों के विरुध्द उपस्थिति के लिए वारंट और समंस की कार्यवाही की जा रही है। कोल लेव्ही मामले में शनिवार दो मार्च को पेशी थी। इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की ओर से उनके अधिवक्ता ने आवेदन पेश किया। आवेदन में कोर्ट से आग्रह किया गया -आवेदक देवेंद्र यादव विधायक हैं, अभी दल के राजनीतिक अभियान में और विधानसभा में भी शामिल होना पड़ता है।इसके साथ ही उनकी अग्रिम ज़मानत याचिका पर हाईकोर्ट ने 29 फ़रवरी को सुरक्षित रख लिया है।

कोर्ट में पेश आवेदन में उपर उल्लेखित परिस्थितियों को बताते हुए आग्रह किया गया है - इन परिस्थितियों को देखते हुए उनकी कोर्ट में अनुपस्थिति को उनके अधिवक्ता के माध्यम से स्वीकार किया जाए, या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये वे कोर्ट में उपस्थित होने को तैयार हैं, साथ ही यह आग्रह भी है कि जो ज़मानती वॉरंट जारी किया गया है, उसके पालन मे हाईकोर्ट का आदेश आते तक विलंब किया जाए या उसे कोर्ट वापस ले ले।

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की ओर से इस आवेदन और तर्क के बारे में बताते हुए ईडी के विशेष लोक अभियोजक डॉ सौरभ कुमार पांडेय ने कोर्ट में ईडी की ओर से दिए तर्कों के बारे में बताया - ईडी ने यह तर्क दिया कि, सीआरपीसी में ऐसा कोई प्रावधान उपलब्ध नहीं है कि, जो माँग वे कर रहे हैं उसे विधिक रुप से किसी प्रकार से स्वीकार किया जा सके। सीआरपीसी के तहत यदि कोई अजमानतीय संज्ञेय अपराध है जैसे कि मनी लॉड्रिंग निरोधक का जो अपराध है वह मनी लॉड्रिंग अजमानतीय और संज्ञेय अपराध है, और ऐसी स्थिति में ज़मानती वारंट जारी होते हैं तो या तो व्यक्ति अग्रिम ज़मानत लेकर कोर्ट में उपस्थित हो या कोर्ट में सीधे उपस्थित होता है तो उसे न्यायिक हिरासत में लिया जाएगा। साथ ही सीआरपीसी में आवेदन जिन परिस्थितियों में दिया गया है उसमे यह प्रावधान नहीं है कि,वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से उनकी उपस्थिति दर्ज कराई जाए, और ना ही ऐसा कोई प्रावधान है कि अगर कोई ज़मानती वारंट जारी है तो हाईकोर्ट का फ़ैसला आने तक उसको टाला जाए। जो परिस्थितियाँ है उनमें आवेदक की उपस्थिति उनके अधिवक्ता के माध्यम से भी स्वीकार नहीं हो सकतीं।

स्पेशल कोर्ट ने आवेदन ख़ारिज किया और तीन के खिलाफ वारंट और सात के खिलाफ समंस जारी किया.ईडी की विशेष अदालत में विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने दोनों पक्षों की ओर से तर्कों को सुनने के बाद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की ओर से पेश आवेदन को ख़ारिज कर दिया। इसके साथ ही ईडी की विशेष अदालत ने भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, कांग्रेस प्रवक्ता आर पी सिंह, कांग्रेस नेता विनोद तिवारी के खिलाफ उपस्थिति के लिए दूसरी बार वारंट जारी कर दिया। विशेष अदालत ने इसके साथ ही कोयला लेव्ही स्कैम में पीएमएलए एक्ट की कार्यवाही में बतौर आरोपी वांछित सात व्यक्तियों जिनमें रजनीकांत तिवारी, मनीष उपाध्याय, नवनीत तिवारी, नारायण साहू, पीयूष साहू, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, रोशन कुमार सिंह शामिल हैं के खिलाफ समंस जारी किया है।




## एक नजर

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**भिलाई, 3 मार्च।** भिलाई खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि प्रेमिन ठाकुर पति गिरधारी ठाकुर (33 वर्ष ) निवासी संगम चौक न्यू खुर्सीपार जो सुनिता उद्योग लाइट इंडस्ट्रियल एरिया में करती थी जो 10 अप्रैल 2023 को सुनिता उद्योग में अपने अन्य मजदूरों श्रीमती सुनीता बंजारे व शिव कुमार साहू ड्यूटी पर आए थे साउ-सफाई फैक्ट्री में करने लगे व शिव कुमार साहू मे फैक्ट्री के मशीन व स्वीच बोर्ड ऑफ साउ कर रहा था उसी दौरान शिव व प्रेमिन बाई मशीन में फंस गई। जहां पर इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया इलाज के दौरान 27 अप्रैल 2023 को उसकी मौत हो गई इस मामले में पुलिस ने धारा 287,304ए, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है ।

### ठगी के मामले में पार्षद गिरफ्तार

**भिलाई, 3 मार्च।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत दूसरे की जमीन को अपना बताकर ठगी करने वाले कांग्रेसी पार्षद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 467, 468,471 के तहत जुर्म दर्ज किया है जामुल पुलिस ने बताया कि नगर पालिक निगम पार्षद संजय देशलहरे ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर ठगी किया जिसकी शिकायत सेक्टर 5 निवासी आरके महापात्रा ने जामुल पुलिस से की थी उसके बाद पुलिस ने पार्षद को गिरफ्तार किया था बताया जा रहा है कि पीड़ित ने न्यायालय दुर्ग में जाकर सुलह कर लिया उसके बाद पार्षद को जमानत मिल गई ।

### मौत के मामले में जुर्म दर्ज

**भिलाई, 3 मार्च।** भिलाई घर के सामने टहल रही महिला के साथ लूट की वारदात होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 392 के तहत जुर्म दर्ज किया है नेवई पुलिस ने बताया कि मरोदा निवासी मीना कुमार अपने घर के सामने टहलते हुए मोबाइल पर बात कर रही थी। अचानक पीछे से बाइक सवार आया और महिला का मोबाइल लूट कर फरार हो गया।

### रावघाट रेल परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्यों को रोजगार के लिए सौंपा ऑफर लेटर



**भिलाई, 3 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, जो दल्ली-राजहरा से रावघाट रेल लाइन परियोजना के निर्माण में आर्थिक रूप से सहयोग कर रहा है, ने रेल-लाइन परियोजना से प्रभावित परिवारों में से 177 लोगों को आईटीआई में प्रशिक्षित कर भिलाई इस्पात संयंत्र में रोजगार देने की जिम्मेदारी ली है। रावघाट रेल परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के तीन नए सदस्यों को रोजगार के लिए ऑफर लेटर 29 फरवरी को इस्पात भवन में मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) श्री अरुण कुमार की उपस्थिति में कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, उप महाप्रबंधक प्रताप नायक, सहायक महाप्रबंधक सचिन रंगारी, वरिष्ठ प्रबंधक वसंत कुमार तथा खदान विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निर्देश पर हुई टोलियों की नियुक्ति

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने प्रदेश में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन व पिछड़ा वर्ग युवा छात्रावास बैठक के लिए प्रदेश पदाधिकारी को जिम्मेदारी देते हुए विभिन्न दायित्व प्रदान किया है। जिसमें संयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सोनी को बनाया गया है। वहीं सदस्य के रूप में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी छगन साहू व सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर को बनाया गया है।

इसी तरह पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन व युवा छात्रावास बैठक युवा सम्मेलन के लिए लोकसभा प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाए गए हैं, जिसमें सरगुजा लोकसभा के लिए प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है, सह प्रभारी के रूप में रमेश जायसवाल प्रदेश कार्य समिति सदस्य को बनाया गया है। रायगढ़ लोकसभा प्रभारी के रूप में प्रदेश मंत्री कामता पटेल व सह प्रभारी के रूप में अशोक यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश के महामंत्री डॉ खिलावन साहू को प्रभारी बनाया गया है तथा प्रदेश कार्य समिति नरेंद्र साहू को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सह प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य बलराम विश्वकर्मा को जिम्मेदारी प्रदान की गई है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में कृष्ण कुमार कौशिक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सह प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलेंद्र कौशिक को नियुक्त किया गया है। राजनांदगांव लोकसभा के लिए प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष अंबिका चंद्रवंशी को जिम्मेदारी प्रदान की गई है।सह प्रभारी के रूप में सुमन कनौजिया सह सोशल मीडिया प्रभारी को बनाया गया है। दुर्ग लोकसभा में प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू को नियुक्त किया गया है तथा प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा को सब प्रभारी बनाया गया है। रायपुर लोकसभा में प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सांतनु साहू को बनाया गया है। साथ ही सह प्रभारी के रूप में अशोक सिन्हा प्रदेश मंत्री को नियुक्त किया गया है। महासमुंद लोकसभा में प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक को नियुक्त किया गया है। सह प्रभारी के रूप में प्रदेश मंत्री देवदत्त साहू को बनाया गया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में प्रभारी के रूप में प्रदेश महामंत्री टिकेश्वर जैन को नियुक्त किया गया है। वहीं सह प्रभारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष निर्देश दीवान को दायित्व सौंपा गया है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र में प्रभारी के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य भूपेंद्र चंद्राकर को नियुक्त किया गया है।

# बकरी चोरों को पाटन पुलिस ने दबोचा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन।** थाना पाटन में 1 मार्च को प्रार्थी एवन निषाद निवासी बठेना रोड सिकोला में दिनांक 29.02.2024 के दोपहर उसके ढाबा के सामने से उसके पाले हुये 1 नग बकरा एवं 1 बकरी कीमती 30000/- रुपये को अज्ञात चार कार सवार लड़कों द्वारा दिन दहाडे चोरी कर कार में ले जाने जिसका फुटेज उसके ढाबा में लगे सीसी कैमरे में कैद होने की रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना पाटन में अपराध कायम कर विवेचना की गई। दौरान विवेचना के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की धर पकड के लिए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशानुसार चोरों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु गंभीरता से लेते हुये निरीक्षक राजेन्द्र यादव, थाना स्टाफ एवं एसीसीयू की टीम के साथ फुटेज को लोगों को दिखा कर मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर संदेही समीर मानिकपुरी, आर्शीर्वादम मानवेल , अशरफ कुरैशीबकरी चोरों को पाटन पुलिस ने दबोचा को कार आई 20 सीजी 11 ई 1376 के साथ रंगे हाथ पकड़ कर थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर संदेहियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपियों के द्वारा बताया गया कि निषाद ढाबा के पास बठेना रोड पाटन से चुराये गये 01 नग लाल रंग की बकरी एवं 01 नग सफेद रंग के बकरा को भनपुरी जिला रायपुर निवासी शेख सुलतान के पास 16000/- रू. में बेच दिये है बिक्री रकम को आपस में बाट लिये है एवं बिक्री रकम का 5500/-रू0 बचा होना बताये उनके बताये अनुसार शेख सुलतान को पकड़ कर पूछताछ करने पर बकरा बकरी को खरीदना स्वीकार करते हुये उसे तेलीबांधा निवासी शेख हफीज के बाद 18000/-रू. में बेचना बताया जो शेख सुलतान के पास से एक लाल रंग की बकरी एवं शेख हफीज के पास से एक सफेद रंग का बकरा बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाती है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र यादव, और थाना स्टाफ प्र.आर. 1141 आर.क्रं. 1632, 396, 885, 1625, 67 एवं एसीसीयू के सउनि चंद्रशेखर सोनी, प्र.आर. रोमन सोनवानी आर. अश्वनी यदु, मेघराज चेलक, अजय ढीमर, राजकुमार चंद्रा, पंकज कुमार की सराहनीय भूमिका रही है।

### तालाबों को भरने नहर व नालों की सफाई, शहर के नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य जारी

**दुर्ग, 3 मार्च ।** नगर पालिक निगम।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम स्वस्थ्य अमला द्वारा नहर- नाला-नालियों की सफाई हेतु विशेष अभियान के तहत नहर,नाला-नालियों की साफ-सफाई का कार्य जोन स्तर पर निरंतर जारी है। शंकर नाला उरला और बोरसी स्थित नालों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में मशीन से नालों की सफाई की जा रही है जबकि नालियों की सफाई का कार्य नए क्रय किये चैन माउंटेन मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। ताकि तालाबो को भरा जा सके।स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा निरन्तर सफाई कार्य का मॉनिटरिंग कर रहें है।उन्होंने बताया कि नगर निगम महापौर व आयुक्त के दिशा निर्देश पर नहर,नाला-नालियों की साफ-सफाई का कार्य जोन स्तर पर शुरू किया गया है।मशीन से नाला-नालियों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में मशीन से बड़े नालों की सफाई शुरू की गई है ।



**उतई, 3 मार्च।** प्लस पोलियो अभियान की शुरुआत की गई नगर पंचायत उतई में नगर पंचायत के शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 5 एवं शासकीय कन्या विद्यालय बाजार चौक उतई में 3 मार्च पोलियो दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों के द्वारा बच्चों को पोलीयो ड्राप पीलाया गया एवं सभी बच्चों के स्वस्थ होने की मंगल कामना की गई इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी पार्षद प्रहलाद वर्मा वीरेंद्र गोस्वामी पूर्व एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू शासकीय अस्पताल की नर्से , स्वास्थ्य कर्मचारी, मितानिन , नगरवासी एवं प्यारे बच्चे उपस्थित थे ।

### भिलाई-चरोदा निगम में पूर्व कमिश्नर अजय त्रिपाठी का किया गया सम्मान

**भिलाई, 3 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा कार्यालय सभागार में 2 मार्च को पूर्व कमिश्नर अजय त्रिपाठी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि शासन आदेश के अनुरूप दिनांक 01/03/2024 को दशरथ सिंह राजपूत ने भिलाई चरोदा के नये कमिश्नर के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिसके कारण पूर्व कमिश्नर अजय त्रिपाठी भिलाई चरोदा निगम से मंत्रालय नया रायपुर हेतु भारमुक्त हो चुके हैं। महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष चंद्रप्रकाश पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, सचेतक तुलसी ध्रुव के साथ समस्त एमआईसी सदस्य, पार्षद एवं अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में श्री अजय त्रिपाठी को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाओं सहित सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे श्रीमती देवकुमारी भलावी, एस वेकंट रमना, मनोज डहरिया, श्रीमती शारदा लावेश मदनकर, श्रीमती दिप्ती आशीष वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहेब वर्मा, मनीष वर्मा, श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर, श्रीमती कुसुम विपिन चंद्राकर, ललित यादव, ललित दुर्गा, तुषांत वर्मा के साथ निगम के कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला द्वारा नये कमिश्नर दशरथ सिंह राजपूत को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



### विजय शर्मा ने भोरमदेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना की

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज सुबह छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्त्विक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर पहुचे। उन्होंने ने भोरमदेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने विशेष हवन पूजन भी किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ सुधीर केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी विशेष पूजा में शामिल हुए।



### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**कवर्धा।** मितानिन कीर्ति चतुर्वेदी के द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर कवर्धा में 43 से अधिक बच्चो को पोलियो दवाई पिलाई गई । सहायक के रूप में ग्रेसियस नर्सिंग कालेज के स्टूडेंट महेंद्र और मन कुमारी उपस्थित रहे । कबीरधाम जिले में गांव गांव शहर में बच्चो को पोलियो दवाई पिलाई जा रही है जिससे की बच्चो को पोलियो बीमारी ना हो ।

# यूआरएम कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना







भिलाई, 3 मार्च। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के 2 अधिकारी सहित कार्मिक ने अपने विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ये प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने, सहायक महाप्रबंधक आनंद कुमार टाके, वरिष्ठ प्रबंधक अरविंद कुमार साहा और सीनियर ऑपरेटिव दीपक खडतकर को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आनंद कुमार टाके को यह सम्मान 5 फरवरी को बी शिफ्ट में, 167 रेल की रोलिंग के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया।

आनंद कुमार टाके ने कहा कि ये प्रशस्ति पत्र बीएसपी प्रबंधन द्वारा हमेशा से हमारे प्रयासों के लिए दिया जा रहा है। प्रयासों की सराहना करने से निश्चित रूप से सभी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है और हम सभी अपने निर्धारित लक्ष्य से परे सेल और बीएसपी के लिए कुछ बेहतर हासिल करने के लिए प्रेरित होते हैं। अरविन्द कुमार साहा ने कहा, कि उत्पादन के नियोजित स्तर को प्राप्त करने हेतु हमें प्रो एक्टिव एक्शन लेना होता है और इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए एक व्यवस्था प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता होती है। क्योकि प्रबंधन प्रणाली के बिना किसी भी कार्य में स्थिरता प्राप्त करना बहुत ही कठिन है।

व्यवस्था प्रणाली के विकास से ही एक निर्धारित प्रक्रिया को किसी सीमा तक नियंत्रित करने के लिए उसकी प्रतिक्रिया (फीडबैक) संभव हो पाता है। तभी स्थिरता के साथ हम किसी उत्पाद का निरंतर निर्माण कर पाएंगे और उस प्रक्रिया को प्रभावशाली तरीके से एक संस्कृति के रूप में स्थापित कर पाएंगे।

### 30 करोड़ की कार्ययोजना स्वीकृत

**महासमुंद।** जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं सरायपाली विधायक चातुरी नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल शामिल हुए।

### महासमुंद लोकसभा सीट से भाजपा ने रूपकुमारी चौधरी को बनाया प्रत्याशी



**महासमुंद।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। रूपकुमारी चौधरी महासमुंद के बसना विधानसभा क्षेत्र की निवासी हैं और साल 2013 से 2018 तक बसना से विधायक रही हैं। मई 2015 से दिसंबर 2018 तक संसदीय सचिव रही हैं।

वर्तमान में वें भाजपा महासमुंद जिलाध्यक्ष हैं। अघरिया समाज से संबंधित रूपकुमारी विधायक बनने से पहले जिला पंचायत की सदस्य रहीं। संगठन में उनकी मजबूत पकड़ है। उनकी संगठन को जोड़ने की अद्भुत नेतृत्व क्षमता भी है और वे आरएसएस से भी जुड़ी हैं।

रूपकुमारी की उम्र 47 साल है और वें 10वीं तक पढ़ी हैं। पति ओम प्रकाश चौधरी भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं।

फिलहाल वे खेती का काम करते हैं।



### जिपं सदस्य ने पोलियों बूथ का शुभारंभ किया

**उतई, 3 मार्च।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम तर्रा ,एवं लोहरसी में जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने पल्स पोलियो बूथ का शुभारंभ किया ।

### मुक्केबाजी प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में राजेंद्र प्रसाद पटियाला आमंत्रित



**भिलाई, 3 मार्च।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया 5 से 8 मार्च तक एनएसएनआईएस, पटियाला में एलीट महिला व पुरूषों के लिए चयन ट्रायल आयोजित कर रहा है। एलीट महिला व पुरूषों को ओलम्पिक तथा नॉन ओलम्पिक के लिए इस चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित किया जाएगा। साथ ही इंडिया कैंप में मुक्केबाजों को शामिल करने के लिए चयनित कराया जा रहा है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के उप महाप्रबंधक, राजेंद्र प्रसाद, पूर्व ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्ड प्राप्त मुक्केबाज को भारतीय मुक्केबाजी संघ द्वारा एलीट महिला व पुरूषों के लिए मुक्केबाजों का चयन करने हेतु पटियाला आमंत्रित किया गया है। राजेंद्र प्रसाद 4 मार्च को पटियाला के लिए रवाना होंगे। राजेन्द्र प्रसाद (ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी) बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चयन समिति सदस्य भी हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय महिला व पुरुष मुक्केबाज प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन प्रक्रिया में ओलम्पियन को बतौर सिलेक्शन कमेटी के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# सण्डे मार्केट सुपेला को व्यवस्थित करने व्यापारियों का सहयोग जरूरी : आयुक्त



भिलाई, 3 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक लगने वाले सण्डे मार्केट को व्यवस्थित करने एवं यातायात को सुगम बनाने निगम की टीम मार्केट क्षेत्र में लगातार मुनादी एवं दुकानदारो को समझाईस दे रही है। निगम के जोन कार्यालय नेहरू नगर एवं वैशालीनगर की टीम ने शनिवार को मार्केट क्षेत्र में सड़क के दोनो किनारे फिर चुना मार्किंग किया और व्यापारियो को समझाईस दिये है कि लाईनिंग के बाहर कोई भी दुकानदार अपने विक्रय वस्तु को प्रदर्शन के लिए न लगाये अपने सामानो को निगम द्वारा आबंटित दुकान के क्षेत्र में रखे इसी प्रकार सड़क पर लगने वाले पसरा, ठेला, खोमचे के फुटकर व्यापारियो से भी कहा है कि कोई भी व्यापार सड़क पर न करे जिससे यातायात प्रभावित हो।

निगम द्वारा सण्डे मार्केट क्षेत्र मे इस आशय का मुनादी भी करवाया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने व्यापारियो से अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा यातायात को सुगम बनाने एवं मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमे व्यापारियो का सहयोग आवश्यक है। ताकि जन सामान्य को आवागमन में किसी तरह की कोई असुविधा न हो।


### पी.एम.आवास के आवेदन पत्र जमा करने की तिथि बढ़ी



**भिलाई, 3 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारो के लिए तृतीय चरण में सूर्या विहार के पीछे वार्ड क्रं. 01 खम्हरिया में कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे , एनार स्टेट एवं माईल स्टोन स्कूल के पीछे में निर्मित आवास आबंटन के लिए उपलब्ध है। जिसके आवंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 29 फरवरी तक जमा करना निर्धारित किया गया था। उस तिथि में वृद्धि करते हुए 5 मार्च तक आवेदन पत्र विक्रय करने एवं 7 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा। भिलाई निगम के विभिन्न स्थानों में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों के आवंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक-16 योजना शाखा के काउन्टर में कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन शाम 4 बजे तक नागरिक अपने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रति के साथ 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है और आवेदन जमा भी कर सकते हैं।

# पुलिस ने 26 बोरी पीडीएस का चावल पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई,3 मार्च।** भिलाई गरीबों के लिए जारी सस्ती चावल की हेराफेरी थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को फिर एक बार जामुल पुलिस ने बिलासपुर पॉसिंग आटो में भरी 26 बोरी पीडीएस चावल की शंका की शिकायत पर पकड़ा। हर बार की तरह गाड़ी को थाने लाकर खड़ी कर खाद्य विभाग को सौंप दिया। खाद्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सैंपल लेकर खानापूर्ति की कार्रवाई कर चलते बने जामुल पुलिस ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि कोआ आटो में पीडीएस का चावल ले जाया जा रहा है। सूचना पर हाउसिंग बोर्ड में एक आटो को पकड़ा। थाने लाकर गिनती की तो 26 बोरी चावल भरी हुई थी। इसकी सूचना खादय विभाग को दी। सूचना के कुछ घंटों बाद खाद्य विभाग से अधिकारी मौके पर पहुंचे। चावल का सैंपल लेकर चले गए। औद्योगिक क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में गुरूद्वारा के पास रोक लिया है। गाड़ी में लगभग 26 बोरियों में चावल लदा था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि डब्ल्यू यादव ने गाड़ियों में भर कर बोरियां बदलने ले जाया जा रहा था। खाद्य विभाग को सूचना दे वाहन को जामुल थाना ले जाया गया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने साफ निर्देश दिए हैं कि वैशाली नगर विधानसभा में कोई भी अवैध काम नहीं होगा। गरीबों का चावल कांग्रेस शासनकाल में इसी तरह दलालों की चांदी बन रहा था। चावल माफिया गरीबों का हक मार लाखों की चांदी काट रहे थे, अब ऐसे लोगों पर भाजपा कार्यकर्ता पूरी नजर रख रहे हैं।

### ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी



**भिलाई, 3 मार्च।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का लगातार निर्वहन करते हुए एसोसिएशन द्वारा ड्राइवर की बहन की शादी मे सम्मान सहयोग राशि दी गई। वेद प्रकाश शुक्ला की बहन कुमारी शिक्षा निवासी भिलाई को वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्ना पांडे द्वारा सहयोग राशि प्रदान किया गया । जिसमे एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव मलकीत सिंग लल्लू, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, जोगा राव, महेंद्र सिंग पप्पी, सुधीर सिंह, दिलीप खटवानी, बलजिंदर सिंह, बिल्ला सोनू, सुनील यादव, निर्मल सिंह, सोम सिंह, रमन राव, गुरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, मोनी सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

## एक नजर

### सेवानिवृत्ति होने पर दी गई विदाई



**राजनांदगांव 3 मार्च।** 2 मार्च को स.उ.नि. जगदीश पटेल एवं म0प्र0आर0 ए0बी0 गीता सेवानिवृत्ति होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जव भविष्य की कामना कर विदाई दी गई। इस अवसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद साहू, पुलिस कार्यालय के मुख्यलिपिक श्री दरवेश कामड़े एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय/रक्षित केन्द्र के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए 3 मार्च को जिले के सभी बैंक रहेंगे खुले

**राजनांदगांव 3 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले के सभी बैंक शाखाओं को रविवार 3 मार्च 2024 को केवल महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय करने हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बैंकर्स को महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक की जानकारी भी प्रस्तुत करने कहा है। कलेक्टर ने बैंकर्स को 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु विशेष काउन्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला, तलाकशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए उनके आधार लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। जिले में बैंकों के माध्यम से महिला हितग्राहियों के आधार उनके बैंक खातों से लिंक करने हेतु 13 हजार 614 का लक्ष्य शेष है। बैंकों के माध्यम से इस कार्य को 5 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। जिसके लिए जिले के सभी बैंक शाखाओं को रविवार 3 मार्च 2024 को केवल महतारी वंदन योजना के कियान्वयन हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखने निर्देशित किया गया है।

### जन नेता बृजमोहन अग्रवाल को टिकट विरोधियों के लिए जमानत बचा पाना मुश्किल:जयंती पटेल

**रायपुर 3 मार्च।** लोकसभा चुनाव के महासंग्राम बिगुल बज चुका है भारतीय जनता पार्टी ने इसका आगाज प्रत्याशियों की घोषणा के साथ किया पहली सूची में 195 नामों की सूची जारी की गई जिसमे छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह सीटों में प्रत्याशियों का चयन भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा किया गया रायपुर लोकसभा के लिए भाजपा ने अपने अजेय योद्धा कहे जाने वाले वरिष्ठ विधायक और वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री को लोकसभा चुनाव के समर में प्रत्याशी के रूप में उतारा है कार्यकर्ताओ में इसको लेकर खासा उत्साह है कार्यकर्ताओ की माने तो तो भाजपा के दृष्टिकोण से रायपुर लोकसभा सीट पहले ही सुरक्षित सीट है और अब छत्तीसगढ़ की राजनीति दिग्गज नाम वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल टिकट मिलने से कार्यकर्ताओ में उत्साह चरम पर है नतीजों की चिंता के परे भाजपा कार्यकर्ता विपक्षी प्रत्याशी के जमानत नही बचा पाने का दावा कर रहे हैं , रायपुर शहर जिला की टीम ने जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री से भेंट कर उन्हें बधाई प्रेषित ही साथ ही रायपुर शहर जिला की टीम द्वारा पुरजोर मेहनत कर अप्रत्याशित नतीजे लाने का वादा भी किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा की जैसे मोदी की गारेंटी काम पूरा होने की गारेंटी है ठीक उसी तरह रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल मतलब जीत की गारेंटी है अब विपक्षी खेमा अपनी जमानत बचाने की चिंता करे जीत हार की दौड़ से तो पहले ही बाहर हो चुके हैं।

### विकसित भारत की दौड़ में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण:हरविंदर कुर्रे

**अंवरी 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में 28 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरविंदर कुर्रे, सहायक प्राध्यापक रसायन महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा, गोविंद प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान, बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी रहे। अन्य वक्ताओं में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू, सुश्री हिमानी जोशी, सुश्री नेहा साहू, सुश्री ऐमेश्वरी ढीढी आदि सहायक प्राध्यापकगण रहे। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू ने अतिथि स्वागत भाषण देते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वास्तव में इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित कर विज्ञान के क्षेत्र में नये प्रयोग के लिए सजग करना व अपने देश के वैज्ञानिकों की खोज आविष्कार से परिचित कराते हुए उनकी बौद्धिक क्षमताओं का विकास करना है। सत्र 2024 में विज्ञान दिवस के लिए संकल्पित शीर्षक विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियां पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वदेशी तकनीकी के माध्यम से उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देकर अपनी आत्मनिर्भरता को मजबूत बना सकते हैं। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूत और दीर्घायु बनाने में मदद मिलेगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरविंदर सिंह कुर्रे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से भारत के महान हस्तियों क्रिकेटर उद्योगपति वैज्ञानिकों के भारत के विकास में किए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवा वर्ग का आह्वान किया और कहा कि आप लोग भी इसी तरह किसी न किसी क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं बशर्ते लक्ष्य निर्धारित हों। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डॉ सी वी रमन के योगदान को रेखांकित करते हुए आदिमानव से लेकर आधुनिक युग तक भारत में विज्ञान के क्षेत्र में विकास पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा आने वाले भविष्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की ऊंचाइयों को परिकल्पित किया।

# शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर 3 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज शनिवार को जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम डाड़टोली में शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह एवं उरांव समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए और उन्होंने ग्राम डाडटोली में सामुदायिक भवन हेतु 30 लाख रूपए की घोषणा की साथ ही मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में एम्बुलेंस की व्यवस्था, मनोरा के शासकीय कॉलेज के भवन की स्वीकृति एवं पत्थलगांव में अपर कलेक्टर का लिंक कोर्ट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थाना करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि वर्ष 2024-25 की बजट में कुनकुरी में 220 बिस्तरों वाले अस्पताल निर्माण करने का प्रावधान किया गया है। मनोरा के 30 बिस्तर वाले अस्पताल को अच्छा से अच्छा बनाएंगे साथ ही जशपुर में सामुदायिक भवन के लिए भी प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर यह भी भरोसा दिलाया कि डाड़टोली में उरांव समाज के सामुदायिक भवन के लिए जमीन आबंटन की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा समाज की मांग पर मुख्यमंत्री ने मिसल बंदोबस्त में संसारी उरांव राजस्व रिकार्ड में दर्ज है इस कारण अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर श्री साय ने भारत सरकार स्तर पर इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश की राष्ट्रपति एक महिला है जो आदिवासी समाज से है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आदिवासी समाज से मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्तृता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल में आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए जनजातीय कल्याण मंत्रालय का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि 7-8 मार्च को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत् माताओं एवं बहनों के खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि की प्रथम किश्त अंतरित करने प्रधानमंत्री को समय देने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 12 मार्च को प्रदेश के 24 लाख से अधिक किसानों के खाते में धान उपार्जन के अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917 रूपए को भी अंतरित कर दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत् प्रदेश में 72 लाख 14 हजार आवेदन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को अभी ढाई माह ही हुए हैं।

# मलईडबरी के अंधे कत्ल का हुआ खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 मार्च।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग सर के मार्ग निर्देशन, श्रीमान अति.पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा सर एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल सर के निर्देशानुसार पुलिस चैकी तुमडीबोड के अपराध क्र. 100/2024 धारा 302, 34 भादवि में दिनांक 26.02.2024 को सुबह करीब 09:00 बजे जरिये मोबाईल से सुचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मलईडबरी हटरी बाजार स्थल में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या हो गयी है कि सुचना प्राप्त होने पर हमराह स्टाप सउनि सुचना तस्दीक हेतु तत्काल ग्राम मलईडबरी हटरी बाजार स्थल रवाना होकर मलईडबरी पहुंचकर सुचना की तस्दीक किया। जहां मलईडबरी चौक के पास हटरी बाजार स्थल के चैडी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। जिसकी हत्या होना पाया जाने पर सुचना से तत्काल वरिष्ट अधिकारियों को जरिये फोन के माध्यम से घटना की जानकारी से अवगत कराया तथा घटना स्थल के संबंध में साक्ष्य संकलन हेतु एफ.एस.एल युनिट दुर्ग एवं डॉग स्काट का सुचनार्थ कर उक्त अज्ञात व्यक्ति के संबंध में आसपास के लोगों तथा गांव के लोगों को हमराह स्टाप के जरिये मृतक का फोटो दिखाकर पहचान कराया गया। जिस पर मृतक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी एवं पहचान होना नही बताया गया। जिस पर प्रार्थी कलाराम टेम्भुलकर पिता स्व.बिरझुराम टेम्भुलकर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मलईडबरी पुलिस चैकी तुमडीबोड का घटना स्थल पर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मलईडबरी में रहता हूं खेती किसानी का काम करता हूं दिनांक 26.02.2024 के सुबह 09:00 बजे करीब मलईडबरी चौक हटरी बाजार स्थान के पास लोग इकट्ठा होकर खडे थें जिन्हे देखकर पास गया तो हटरी बाजार स्थल के चैडी में में एक अज्ञात व्यक्ति खुन से लथपथ चित हालत मे पडा हुआ था जिसका आधा शरीर हटरी के चैडी में और पैर चैडी से नीचे जमीन से लगा हुआ था मृतक शर्ट और पेन्ट पहना हुआ था और सिर के पास बडा वजनी पत्थर था जिसमें खुन का धब्बा लगा हुआ था। मृतक के शव के पास गमछा और झोला पडा हुआ था। अज्ञात मृतक के गर्दन में कई चोट के निशान एवं सिर व चेहरा को वजनी पत्थर से मारने से सिर फट गया है एवं चेहरा कुचला हुआ है। जिससे सिर और गर्दन के पास चैडी में काफी खुन फैला है। उस अज्ञात व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो चुकी है। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उस अज्ञात मृतक के गर्दन में चोट पहुंचाकर एवं सिर एवं चेहरा में वजनी पत्थर से गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया है।

## शिरि में एसडीओ ने दी वनविभाग की योजनाओं की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया 3 मार्च।** विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोब में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर अपने अपने विभाग की प्रदर्शनी के माध्यम से समाज के अन्तिम व्यक्ति तक शासन के योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया गया। वनविभाग की ओर से भी महुआ प्रसंस्करण के माध्यम से तैयार किए गए। महुआ लड्डू,तिल चिक्की,कोदो- कुटकी चिक्की,शहद,आदि उत्पाद प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल को बारी बारी से जिला पंचायत सीईओ, ज़िला कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वन विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल को सभी ने सराहा एवं बहुत से लोगों ने वन विभाग के उत्पादों को बहुत पसंद किया और भारी मात्रा में खरीदारी किया। शिविर में सभी विभागों के उच्च अधिकारियों ने अपने अपने विभागों की योजनाओं को मंच से लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया। वनविभाग से उपवन मंडल अधिकारी श्री योगेश कुमार साहू ने वनविभाग की योजनाओं को बहुत ही सरल शब्दों में लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने हर्रा,बेहड़ा, आंवला, गोंद,बेवफल, भेलवा बीज ,सालबीज, कालमेघ, चिरायता, महुआ फूल, महुआ बीज ,बाईबिरम, तेंदुपत्ता,कोदो-कुटकी आदि की लघु वनोपज समिति के माध्यम से उचित दर पर खरीदने की जानकारी शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को बताया। वहीं मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना एवं हरियाली प्रसार योजना का शासन द्वारा मिल रही सब्सिडी को लोगों को शिविर के माध्यम से बताया। वहीं शिविर में उपस्थित लोगों ने कहा कि वनांचल में पहली बार किसी जिला स्तर के अधिकारी ने बहुत ही सरल शब्दों में लोगों को जानकारी दी है। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में वन विभाग से एसडीओ श्री योगेश साहू जी,वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी श्री अनिल बंबाडे जी, प्रशिक्षु सीएफएस चंद्र प्रकाश महोबिया जी, डिप्टी रेंजर कय्युम खान जी, चन्दूलाल हरदेल जी,आदिल अहमद जी, प्रबंधक गण कल्याण सिंह जी,कमेल जी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हारुन मानिकपुरी एव विभाग की अधिकारी कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने दी 63 लाख रूपये से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति

**उत्तर बस्तर कांकेर,3 मार्च।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक वाचनालयों के लिए फर्नीचर एवं पुस्तक क्रय के लिए कुल 07 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदली, दबेना, देवरी बालाजी और भनसूली में सार्वजनिक वाचनालयों के लिए फर्नीचर क्रय हेतु 01-01 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत देवगांव (दलदली), दबेना, देवरी बालाजी, भनसूली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसूली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदेली, चंवाड़ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव में सार्वजनिक वाचनालयों हेतु पुस्तक क्रय करने के लिए 30-30 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके अलावा अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेण्डी की अनुशंसा पर कलेक्टर ने विकासखण्ड अंतागढ़ के 20 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु बहुउद्देशीय एवं प्रतियोगी पुस्तक प्रदाय कार्य के लिए 20 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज सिंह मंडावी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा चारामा विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान गोलकुम्हड़ा में समतलीकरण कार्य हेतु 12 लाख 66 हजार 667 रूपये, बाजार चौक कसावाही में समतलीकरण कार्य हेतु 19 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत गितपहर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 05 लाख रूपये इस प्रकार कुल 36 लाख 66 हजार 667 रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# देह व्ययपार कराने वाले एवं ग्राहकों को किया गया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 3 मार्च।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर ले जाने और उससे देह व्यापार कराने वाले महिला को पिछले दिनों एक महिला एवं एक पुरूष को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था पीड़िता का विधिवत कथन लेख करने पर कई खुलासे किए गए जिसमें बताई की मुख्य आरोपिया साधना वैष्णव उसे चंगोरा भाठा के मुस्कान गोस्वामी के घर दिनांक 04.02.2024 को लेकर गई थी। साधना वैष्णव एवं मुस्कान दोनों देह व्यपार करते है एवं पीड़िता से भी देह व्यपार करा रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा शेष आरोपियों को शौघ्र गिरफ्त करने निर्देश दिया गया था जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में एवं सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर थाना छुरिया से निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में टीम गठित कर मुस्कान गोस्वामी के घर चगोरा भाठा रायपुर में दबिश दी गई पुछताछ कर मेमोरण्डम लेख किया गया जो जुर्म स्वीकार कर बतायी कि देह व्यपार का कार्य करती हूं मेरे परिचित साधना वैष्णव दिनांक 04.02.2024 को एक लड़की को अपने साथ लेकर आयी थी जो नाबालिक थी जो बतायी थी कि वह उसकी मामा की लड़की है उसे भी काम करना है। तब दिनांक 12.02.2024 को मुस्कान ने अपने कस्टमर जिन्हें कम उम्र की लड़कियों की चाह रहती थी वेत्तन नवरंगे को साधना वैष्णव और पीड़िता का फोटो भेजा था और बतायी थी कि पीड़िता का उम्र मात्र 16 वर्ष है जो उसका एक रात का सौदा तय हुआ जो रूपये देकर अपने मोटरसायकल कमांक सीजी 04 पी बी 1916 में ले जाकर पूरी रात पीड़िता के साथ उक्त तीनों आरोपियों ने अनैतिक कृत्य किया एवं प्रातः लाकर मुस्कान के घर छोड़ गये। आरोपियों से 02 नग मोबाईल एवं मोटरसायकल जप्त किया गया।

### केन्द्र सरकार की महंगाई के खिलाफ शहर व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किया विरोध प्रदर्शन

# महंगाई कम कर जनता को राहत दे मोदी सरकार:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 मार्च।** केन्द्र की भाजपानीत मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दैनिक आवश्यक रोजमर्रा वस्तुओं जैसे खाद्य पदार्थ, सब्जी, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी/पीएनजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में एक दिवसीय विरोध-प्रदर्शन किया गया।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा तथा जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 02 मार्च को जयस्तंभ चैक स्थित गोल बाजार के पास प्रतिकात्मक रूप से विरोध प्रदर्शन कर जन समर्थन जुटाया। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल, गैस सिलेण्डर, खाद्य तेल एवं अन्य घरेलू सामानों के दाम बेतहाशा बढ़ा रही है, स्थिति यह है कि महंगाई के कारण आज आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि केन्द्र में हमारी सरकार आते ही 100 दिन में महंगाई कम करेंगे, अच्छे दिन लाएंगे सपना दिखाकर महंगाई इतना बढ़ा दी कि गरीब, मध्यम वर्ग का जीना दुस्वार हो गया। गैस सिलेण्डर सहित दैनिक रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ाने से लोग परेशान है। केन्द्र सरकार को होश में आना चाहिए और दैनिक वस्तुओं के दाम यथाशीघ्र कम करना चाहिए। आज आमजनता को जीवन के गुजर-बसर में बहुत तकलीफ हो रही है। देश के लोगों की परेशानियों से केन्द्र की सरकार को कोई लेना-देना नहीं है। महंगाई नियंत्रित करने में केंद्र सरकार पूरी तरह असफल हो चुकी है। वहीं जनकल्याण के लिए कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी है। इस दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल गैस के दामों में लगातार इजाफा कर रही है। केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। केन्द्र की मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल और असफल है इसी कारण ये कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा प्रतिकात्मक रूप से विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार को आगाह करना चाहते है कि जल्द से आवश्यक वस्तुओं के दाम कम कर आमजनता को राहत दें वरना कांग्रेस संगठन आमजन मानस के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी। केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कांग्रेसजन हाथों में तख्तियां लिए केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए कांग्रेस भवन से निकले जो गोलबाजार, गुड़ाखू लाइन होते हुए जूनी हटरी से वापस जयस्तंभ चैक में आमसभा के साथ समापन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों द्वारा सब्जी खरीदी की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, पीसीसी महामंत्री डा.थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, अध्यक्ष उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, अशोक फडनवीस, गोपीचंद गायकवाड़ आदि उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### गुजरात से आई पुलिस टीम ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज का किया भ्रमण



**राजनांदगांव 3 मार्च।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात के 15 पुलिस कर्मियों का दल छत्तीसगढ़ राज्य के जिला राजनांदगांव में भ्रमण हेतु पंहुचा है, जो राजनांदगांव जिले के (1) महिला प्रकोष्ठ/आई.यू.सी.ए. डब्ल्यू इकाई सबंधी कार्य (2) नगर सेना कार्यालय/जिला जेल राजनांदगांव (3) यातायात शाखा/सायबर इकाई (4) पुरातत्व एवं सांस्कृतिक स्थलो का अवलोकन (5) जिला राजनांदगांव पुलिस के कार्यों की जानकारी (6) थाना कार्य की जानकारी (7) सांस्कृतिक स्थलो का अवलोकन (8) पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण (9) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के कार्यों की जानकारी, दर्शनीय स्थल भ्रमण / अवलोकन (10) जिला कबीरधाम के कार्यों की जानकारी, दर्शनीय स्थल भ्रमण / अवलोकन (11) जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के कार्यों की जानकारी (12) जिले का संचार कार्यों की जानकारी (13) 8वीं बटालियन, छसबल का भ्रमण (13) जिले में पर्यटन, धार्मिक एवं शैक्षणिक स्थलो का भ्रमण किया गया इस दौरान गुजरात पुलिस के साथ अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिये छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव रेंज राजनंदगांव वर्ष 2024 के लिए चुना गया है । आज दिनांक 02.03.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में गुजरात पुलिस के भ्रमण के समापन पर छग राज्य के पुलिसकर्मियों के हर संभव सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यहां की लोककला संस्कृति से परिचित होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। छग राज्य के पुलिस कार्यप्रणाली सहज, सरल एवं मानवीयता पूर्ण है। बता दें कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात राज्य को छत्तीसगढ़ राज्य के साथ एक जोड़ी राज्य के रूप में तय किया गया है। दोनों राज्य के बीच सामंजस्य स्थापित करने गुजरात पुलिस छत्तीसगढ़ में और छत्तीसगढ पुलिस् गुजरात के लिये तय किया गया है। इसी के तहत राजनांदगांव रेंज राजनंदगांव से पुलिस बल के 15 सदस्यों को गुजरात राज्य के विभिन्न शहरों, जिलों के भ्रमण के लिये भेजा गया है। इस प्रकार दोनों राज्यों के पुलिस कर्मियों एक दूसरे राज्यों की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे, एक-दूसरे के राज्यों की पुलिस कार्रवाई को देखेंगे और सीखेंगे। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक झा, राजनांदगांव कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, डीएसपी आजाक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर एवं रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद साहू उपस्थित थे।

### शासन की योजनाओं की जानकारी देने में प्रेरणादायी है जनमन पत्रिका



**राजनांदगांव 3 मार्च।** जिले के दूरस्थ वनांचल छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत जोब में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित हिन्दी मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन किताब का निःशुल्क वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका को पढ़कर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की। लोगों ने जनमन पत्रिका पढ़कर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जीवन का सफर प्रेरणादायक है। जनसामान्य ने कहा कि इसमें शासन की कृषक उन्नति योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस, महतारी वन्दन योजना, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। ग्राम जोब निवासी श्री पुनेश पटेल ने कहा कि वे बीएससी उत्तीर्ण कर अब शासकीय नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। श्री पुनेश ने जनमन मिलने पर बहुत खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह अच्छी पत्रिका है जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ अन्य मंत्रीमंडल के सदस्यों का जीवन परिचय दिया है। इसके साथ केन्द्र और राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई है। इस पत्रिका से शासन की कार्ययोजनाओं और फैसलों के संबंध में युवाओं और जनसामान्य को जानकारी एवं जागरूकता मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पत्रिका जनजागरूकता के साथ सूचनाएं भी प्रदान करती हैं, जिससे वे लाभान्वित हो सके। श्री पुनेश ने कहा कि इस पत्रिका में पारदर्शी तरीके से विधानसभा के सभी सदस्यों का मोबाईल नंबर प्रकाशित किया गया है। ग्राम भर्रीटोला निवासी तन्नू साहू ने बताया कि वे स्नातक कर ली है। अभी वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। तन्नू साहू ने कहा कि पत्रिका में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री सहित मंत्रीमंडल, विधानसभा के सभी सदस्यों की विस्तृत जानकारी व मोबाईल नंबर भी दिया गया है। पत्रिका में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों से जुड़ी अद्यतन जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी गई है। इस पत्रिका को पढने से शासन की नीतियों और कार्ययोजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है। जिससे शासन की योजनाओं के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता आएगी। निःशुल्क छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि जनमन में सरकार का फैसला जोश में युवा, गारंटी पूरी किसानों को मिला दो वर्ष का बोनस, प्रधानमंत्री मोदी का दौरा चर्चा में लक्षद्वीप, विकसित भारत संकल्प यात्रा जनभागीदारी में छत्तीसगढ़ आगे की जानकारी दी गई है।

एक्ट्रेस पायल घोष अपकमिंग बायोपिक शैक : द डाउट में गुजरे जमाने की सुपरस्टार जीनत अमान की भूमिका निभाएंगी। मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1970 में फिल्म द एविल विदइन से की थी। जीनत अमान को हरे रामा हरे कृष्णा, यादों की बारात, कुर्बानी, दोस्ताना और डॉन जैसी कई अन्य फिल्मों में अपने काम से पहचान मिली।



# फिल्मों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वराज कपूर और मनु महाराज की जोड़ी आगे आई

ग्लोबल फिल्म एवं टूरिज्म कॉन्क्लेव में लोकप्रिय उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता स्वराज कपूर और मनु महाराज पहुंचे जहा पर बॉलीवुड के दिग्गज अब्बास-मस्तान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ साथ कई फिल्मी हस्तियां भी इस इवेंट में शामिल रहे। स्वराज कपूर, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बहुत ही करीबी मित्र है, नवाज और स्वराज कपूर को आपस में फिल्मों को लेकर चर्चा करते हुए पाया गया। मनु महाराज और स्वराज कपूर ने बताया की हमारी बात फिल्मों के माध्यम से रोजगार और पर्यटन को लेकर हुई, कैसे रोजगार के साथ साथ पर्यटन को बढ़ाया जाय, जिससे देश के Econom4 में फायदा हो और कई आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर भी चर्चा हुई। अब्बास -मस्तान के साथ स्वराज कपूर की खास बातचीत हुई जिसमे फिल्मों को लेकर भी चर्चा हुई । 6th Global Film Tourism Conclave में कई बड़े - बड़े Celebrities आए थे जिसमे स्वराज कपूर, मनु महाराज, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अब्बास-मस्तान, फैजल मलिक और फेमस हरिहरन जी थे । स्वराज की पृष्ठभूमि प्रभावशाली है । उनके पिता बारिस्टर मनमोहन कपूर, एक प्रमुख प्रकाशक थे, जबकि उनकी मां शिक्षकों के परिवार से थीं और सैन्य से जुड़ी थीं। स्वराज ने अपने करियर में कई बड़े बड़े काम किए है और करते रहते है । स्वराज कमोडिटी व्यापार में भी अपनी कदम रखे है, ब्रांड निर्माण की बात करें तो स्वराज ने हाउस ऑफ मिराबेल, एल्बो रूम, ही सैड शी सैड, और लेमोड जैसे सफल ब्रांड बनाए। उन्होंने कपड़ों की लाइनें और अन्य ब्रांडों में निवेश किया। वह पानी और पर्यावरण को लेकर बहुत भावुक है, उनका कहना है की पर्यावरण को संरक्षित करना ही भविष्य है । उन्होंने अब मनु महाराज के साथ मिलकर 251 गरीब जोड़ों की शादी कराने के लिए हाथ मिलाया है। वे कन्यादान से बड़ा दान कुछ भी नहीं मानते हैं। उनका मानना है कि व्यापार और मनोरंजन व्यवसाय का मिश्रण, अगर इनको अच्छे तरीके के साथ जोड़ा जाए तो समाज में क्रांति आ सकती है । वही अगर हम मनु महाराज की बात करें तो मनु विश्व प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित विश्वनाथ के पुत्र और प्रसिद्ध पद्म विभूषण पंडित जसराज जी के शिष्य है, एक संगीतकार के रूप में अपनी यात्रा शुरू कर आज वह एक सफल व्यवसाई हैं , जो अब एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक हैं जो दुनिया भर में कार्यक्रम आयोजित करती है। हर साल, मनु महाराज संगीत समारोह का आयोजन करते हैं और अभी स्वराज कपूर के साथ मिलकर फिल्मों और संगीत वीडियो के निर्माण में शामिल हैं। एक सफल व्यवसाई होने के साथ - साथ मनु महाराज एक विनम्र और जमीन से जुड़े व्यक्ति भी हैं। कोई भी व्यक्ति अगर उनके पास मदद के लिए पहुंचे तो वो अपनी जी-जान लगा कर उसकी मदद करते है ।



## जपजी बहुत केयरिंग, जिम्मेदार और एक स्ट्रांग पर्सनालिटी है

देलबर आर्य अपनी आगामी फिल्म दमदा पर कहती हैं, यह उन भूमिकाओं में से एक है, जो एक अभिनेता के रूप में मुझे व्यक्तिगत रूप से चुनौती से भरा है.. अपने मनमोहक अभिनय के लिए मशहूर बहुमुखी अभिनेत्री देलबर आर्य, दमदा नामक एक नई पंजाबी फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए तैयार है> सिंह सतविंदर के साथ मुख्य भूमिका से दर्शको का दिल मंत्रमुग्ध करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और अपने किरदार और फिल्म को लेकर देलबर ने कही कुछ बाते। देलबर आर्य अपने किरदार और फिल्म पर कुछ प्रकाश डालते हुए कहती हैं, यह एक निम्न मध्यम वर्गीय पंजाबी परिवार के बारे में है। परिवार का छोटा बेटा जो मेरे पति (सिक्का) का किरदार निभा रहा है, वह पैसे के बारे में सपने देखता रहता है और अमीर होना चाहता है जीवन में, लेकिन उसे कोई रास्ता नहीं मिलता हेयर और वो निराश हो जाता है और फिर कहानी में अलग तरह का एक मोड़ आता है, जो आपको फिल्म देखकर ही पता चलेगा। देलबर आगे कहती हैं, मैं जपजी नाम की मुख्य महिला किरदार निभा रही हूं जो सिक्कू की पत्नी है। वह बहुत देखभाल करने वाली, मासूम और जिम्मेदार है लेकिन साथ ही, वह घर का नेतृत्व भी करती है और वे एक मजबूत महिला है जो लोगों को समझ आती रहती है। पति को जीवन में कठिन परिस्थितियों को कैसे संभालना है उस पर है। मेरी यह भूमिका मेरे द्वारा निभाए गए सभी अन्य पात्रों से बहुत अलग है। इसमें भावनाओं की विविधता है। फिल्म में इस तरह के एक प्रमुख किरदार को निभाना अपनी चुनौतियों के साथ आता है, क्योंकि यह किरदार एक ठेठ पंजाबी पिंड लड़की के बारे में है। फिर भी, मैं इस परियोजना में शामिल सभी लोगों के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह उन भूमिकाओं में से एक है, जो एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से चुनौतीपूर्ण है लेकिन में यह फिल्म में सभी का रिएक्शन देखने के लिए बहुत एक्ससिटेड हु।



# कैसे करेंगे मुश्किलों का सामना ?

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक अपने चहेते किरदारों को उनकी समस्याओं के नये-नये हल निकालते देखेंगे। 'अटल' की आगामी कहानी के बारे में कृष्णा देवी (नेहा जोशी) ने कहा, ''अटल (व्योम ठक्कर) अपने परिवार और आस-पड़ोस के लोगों से विज्ञान को समझने और सभी के साथ एक-सा व्यवहार करने का आग्रह करता है। दादाजी (मिलिंद दस्ताने) अटल की विचारधारा का समर्थन करते हैं। अटल तोमर (महमूद हाशमी) को राजनीति के एक खेल की चुनौती देता है। जब स्टीफन स्कूल में अटल को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, तब दूसरा समुदाय अटल का साथ देता है। कृष्ण बिहारी (आशुतोष कुलकर्णी) स्टीफन को चेतावनी देते हैं कि वह अटल की पढ़ाई में दखल न दे। सरस्वती विमला (प्रचिती अहिराव) के साथ बहस करती है और उसे चले जाने के लिये कहती है। कृष्ण बिहारी अटल के टीचर को याद दिलाते हैं कि वह अटल के साथ भेदभाव न करे, क्योंकि अटल अपनी बात रखने के लिये विज्ञान और तर्क का इस्तेमाल करता है। हालांकि, उनके परिवार को समाज की कड़वाहट का सामना करना पड़ता है और लोग दादाजी से पूजा करवाने से मना कर देते हैं और वर्कर्स कृष्णा देवी (नेहा जोशी) और कृष्ण बिहारी के साथ काम नहीं करते हैं। नौकरी पाने में बार-बार असफल होने पर अवध (राहुल जेठवा) गुस्से में आकर गड़बड़ी पैदा करता है। इसी कारण से उसे नौकरी नहीं मिलती है। यह स्थिति समझाने के लिये अटल वैज्ञानिक तर्कों का इस्तेमाल करता है। और बातचीत के दौरान उसे पता चलता है कि कोई भी सरस्वती से बात नहीं कर रहा है, लेकिन इसका कारण किसी को पता नहीं है। फिर वह देखता है कि भक्त मंदिर की चाबी वापस मांग रहे हैं। चाबियाँ लौटाते वक्त अटल को पता चलता है कि तोमर ने भक्तों को अपने घर रामकथा करवाने का वादा किया है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) ने बताया, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को एक कॉल आता है, जिसमें कहा जाता है कि नये एसीपी के आने से उसका डिमोशन हो गया है। कमिश्नर (किशोर भानुशाली) नई एसीपी मलाइका (सोनम पंवार) का परिचय देता है। वह मनोहर (नितिन जाधव) के साथ आती है और हप्पू के परिवार को बड़ा गर्व होता है। हालांकि, अगले दिन हप्पू का गर्व परेशानी में बदल जाता है, जब उसे अपनी ही बेटी को सैल्यूट करने के लिये कहा जाता है, क्योंकि पुलिस स्टेशन में वह उसकी सीनियर है। परिवार मलाइका की सफलता का जश्न मना रहा होता है और हप्पू बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को अपनी ईर्ष्या के बारे में बताता है और बेनी उसकी भावनाएं समझने की कोशिश करता है। पुलिस स्टेशन में शायरा कुसुम कल्पना नाम की एक कवियत्री मलाइका के पास शिकायत लेकर आती है। और जब मलाइका अपराधी को पकड़ती है, तब वह बताता है कि कवियत्री की शानदार उर्दू ने उसे फिदा कर दिया है। जब मलाइका कहती है कि वह कवियत्री को अपना काम करने दे, तब वह मलाइका की बेइज्जती कर देता है। वह सवाल उठाता है कि मलाइका को इस भाषा की समझ नहीं है और स्थिति तनावपूर्ण हो जाती है।



## 'वागले की दुनिया' में, विद्या की गर्भावस्था के कारण वंदना और राधिका के रिश्ते में दरार आ गई

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' वागले परिवार के रोज़मर्रा के संघर्षों को दर्शाते हुए, मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने आने वाली आम चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। हाल के एपिसोड्स में, वागले परिवार को सुखद समाचार मिला जब उन्हें विद्या (सुकन्या सुर्वे) की गर्भावस्था के बारे में पता चला। मनोज (विपुल देशपांडे) के बेहद खुश होने के साथ, पूरा परिवार इस उत्साह में शामिल हो जाता है, और परिवार के नए सदस्य के आने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है। आगामी एपिसोड्स में, विद्या की गर्भावस्था के कारण फैली खुशी में अजीब मोड़ आ जाता है, जहां वंदना (परिवा प्रणति) को पता चलता है कि मनोज के वित्तीय दिक्कतों के कारण विद्या गर्भपात कराना चाहती है। एक सहयोगी भाभी के रूप में, वंदना विद्या के फैसले से सहमत है। हालांकि, जब राधिका (भारती आचरेकर) उनकी बातचीत का केवल एक हिस्सा सुनती है, तो वह उसके समर्थन को प्रोत्साहन मान लेती है। इससे वंदना और राधिका के रिश्ते में तनाव आ जाता है, जिस कारण से उनके बीच तीखी बहस हो जाती है क्योंकि राधिका कसम खाती हैं कि अगर विद्या ने गर्भपात कराया तो वह वंदना को माफ नहीं करेंगी। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है और गलतफहमियां बढ़ जाती हैं, वागले परिवार को विद्या की दुविधा और इससे उनकी एकता पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण उथल-पुथल का सामना करना पड़ता है। वंदना का किरदार निभाने वाली परिवा प्रणति ने कहा, यह कहानी उन परस्पर विरोधी भावनाओं को सामने लाती है, जिनका सामना कई महिलाएं मातृत्व को लेकर करती हैं। विद्या टूट गई है क्योंकि, मनोज की अच्छाई के बावजूद, उनकी वित्तीय अस्थिरता किसी बच्चे की परवरिश करने की उनकी क्षमता के बारे में चिंता पैदा करती है। वंदना को विद्या से सहानुभूति है और वह उसके फैसले का समर्थन करती है। हालांकि, राधिका और वंदना के बीच के पीढ़ीगत फासले के कारण गलतफहमी पैदा होती है, खासकर गर्भपात जैसे संवेदनशील विषय पर। राधिका और वंदना के बीच की इस दरार के कारण काफी तकरार पैदा होती है, जिससे वागले परिवार के लिए चुनौतियां खड़ी होंगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे इस स्थिति से कैसे निपटेंगे।



## एक भावनात्मक सीन की शूटिंग करते समय क्रिसैन बैरेटो को पूरे सेट से तालियां मिलीं

सोनी सब का 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' कश्मीर की सुरम्य पृष्ठभूमि पर आधारित राघव (निशांत मलकानी) और पश्मीना (ईशा शर्मा) की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी से दर्शकों का मन मोह रहा है। जबकि उनकी प्रेम कहानी कई चुनौतियों से भरी है, उनके सफर में एक बड़ी बाधा राघव की पूर्व मंगेतर आयशा (क्रिसैन बैरेटो) थी। जब राघव को पश्मीना से प्यार हुआ, उस दौरान उसकी सगाई पहले ही आयशा से हो चुकी थी, और उसने खुद को एक ऐसे चौराहे पर पाया जहां उसे दोनों में से किसी एक को चुनना था। क्रिसैन ने हाल ही में एक बेहद भावुक सीन की शूटिंग के दौरान अपना अनुभव साझा किया जिसमें उनके किरदार आयशा को राघव और पश्मीना के रिश्ते का सच पता चलता है। उस पल पर विचार करते हुए, क्रिसैन ने इसे चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद दोनों बताया। न केवल उन्हें तीव्र भावनाओं को दर्शाने का अवसर मिला, बल्कि उन्हें अपने सटीक प्रदर्शन के लिए पूरे सेट से तालियां भी मिलीं, जिसमें निशांत भी शामिल थे, जो इस सीन का हिस्सा भी नहीं थे। आयशा की भूमिका निभाने वाली क्रिसैन बैरेटो ने कहा, ÷आयशा के सफर को दर्शाना भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था। राघव की सबसे अच्छी दोस्त और मंगेतर की भूमिका निभाने से लेकर यह एहसास करना कि वह किसी और से प्यार करता है, दिल तोड़ने वाला अनुभव था। मुझे आयशा के दर्द से वाकई सहानुभूति है, और उन भावनाओं को स्क्रीन पर प्रामाणिक रूप से व्यक्त करना मुश्किल था। वह सीन जहां आयशा को सच का पता चलता है वह वास्तव में यादगार था क्योंकि मैंने उसमें अपना दिल और मन डाल दिया था। हैरानी की बात यह है कि निशांत, जो सीधे तौर पर इस सीन में शामिल नहीं थे, मेरे प्रदर्शन से भावुक हो गए। सीन में पूरी कास्ट और क्रू को भावनात्मक रूप से शामिल होते देखना अविश्वसनीय रूप से दिल छूने वाला अनुभव था, और जब मैंने इसे पूरा किया, तो सेट पर सभी ने तालियां बजाईं, जिससे यह सेट पर मेरे लिए सबसे अच्छे दिनों में से एक बन गया।



## सामाजिक कुरीतियो के खिलाफ एक आवाज है छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'भूख मया के'




**रायपुर.** निर्माता बादल गगन पाण्डे ऐ मोर बांटा के अपार सफलता के बाद अनिल पांडे कृत एवं लेखक निर्देशक फिरोज हसन रिजवी , ममता फिल्म क्रियेशन्स नागपुर के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म भूख मया के विगत दिनों पोस्टर एवं गाने को लॉन्च किया गया था जिसका पब्लिक रिसपॉन्स जबर्दस्त मिल रहा है दर्शको द्वारा गाने भरपूर मया दुलार दे रहे है आगामी 15 मार्च से महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक साथ फ़िल्म के प्रदर्शन की जोर शोर से तैयारी की जा रही

फ़िल्म के निर्माता अनिल पांडेय एवं निर्देशक फिरोज हसन रिजवी जी ने बताया की भूख मया केपारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। आज के दौर में भी लोगों में जाति, सामाजिक भेदभाव अंधविश्वास और नारी वर्ग के लिये हीन भावना एवं सामाजिक कुरीतियो को फ़िल्म में एक अबला नारी के जीवन के उतार चढ़ाव के संघर्ष की कहानी लेकर इस फिल्म का निर्माण किया गया है और फ़िल्म के माध्यम से सामाजिक,पारिवारिक, धार्मिक शौहाद्र का सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है। फिल्म को आगामी 15 मार्च को 25 सिनेमाघरों के साथ प्रदर्शन किया जायेगा। फिल्म के गाने सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर दर्शको की पहली पसंद बने हुवे है । शन सुपर स्टार दिलेश साहू, गरिमा शर्मा, रियाज खान, नेहा शुक्ला,राम यादव, काजल घरडे, उपासना वैष्णव, राजहंस भारद्वाज, मुन्ना, डॉ. ललित रामटेके, हरिश सोनकर नरेन्द्र हिरवानी, अर्जुन साहू ने जबरदस्त अभिनय का जलवा दिखाने एवं निर्देशक रिज़्वी की उमीदों में खरा उतरने पुरजोर कोशिश की है.संगीत- प्रफुल बेहेरा ने दिया है.फ़िल्म में गीत में पं. विवेक शर्मा, सुनिल सोनी, शुभम साहू गायिका कंचन जोशी, चाईना त्रिपाठी,ने अपनी मधुर आवाज दी है ! वही गीत- राजहंस भारद्वाज, गजेन्द्र हरिहारनो, अनिल मंडावी, लक्ष्मण देशमुख, लक्ष्मी सिंहा,ने बनाया है.फ़िल्म के सह निर्माता- शरीफ दीवान, राकेश कनोजे है.फिल्म के वितरक मां फिल्मस् तरून सोनी है जो फ़िल्म के प्रमोशन एवं वितरण को लेकर काफी सजग है.

## दुनियाभर में यामी गौतम की आर्टिकल 370 का डंका, 50 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म

यामी गौतम अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लेती हैं. उनकी एक्शन फिल्म आर्टिकल 370 सिनेमाघरों पर रिलीज हो चुकी है. ये फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी और वर्ल्डवाइड शानदार कमाई कर रही है. दर्शक इस फिल्म पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं. आर्टिकल 370 इंडिया के साथ विदेश में भी अच्छा बिजनेस कर रही है. फिल्म का रिव्यू अच्छा होने की वजह से हर कोई इसकी तारीफ करते नहीं रुक रहा है. इस फिल्म की खास बात ये है कि ये वीकडे में भी अच्छा कलेक्शन कर रही है. फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सामने आ गया है और ये जल्द ही 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी. आर्टिकल 370 में यामी गौतम ने पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है. उनका दमदार एक्शन लोगों को बहुत पसंद आ रहा है. आर्टिकल 370 का इंडिया का पांच दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है.

## पुष्पा और जुगल के बॉन्ड पर दिलीप का गुस्सा फिर उभर आया

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' दर्शकों को पुष्पा (करुणा पांडे) के दिल छू लेने वाले सफर पर ले जाता है, एक दृढ़संकल्पित किरदार है, जो सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हाल के एपिसोड्स में, तनाव तब बढ़ जाता है, जब जुगल और पुष्पा के दोस्ताना मज़ाक को देखकर दिलीप पटेल (जयेश मोरे) गुस्से से आग बबूला हो जाता है। इस बीच, बापोद्रा (जयेश बरभाया) के पिता बनने की बात को सबके सामने उजागर करने में दिलीप की संलिप्तता के बारे में पुष्पा का संदेह तब पुख्ता हो जाता है, जब वह उसे और जुगल (अंशुल त्रिवेदी) को इस मामले पर चर्चा करते हुए सुनती है। आगामी एपिसोड्स में, दिलीप को जुगल और पुष्पा की दोस्ती से जलन होने लगती है, जिसके कारण वह चालों और साज़िशों का सहारा लेता है। जैसे-जैसे दिलीप की ईर्ष्या बढ़ती है, गलत काम करने के प्रति उसका स्वाभाविक झुकाव फिर से उभर आता है, और वह बेहतर इंसान बनने की अपनी कोशिशों से दूर होने लगता है। चूंकि पुष्पा अब भी उसके कथित बदलाव को लेकर संदेह में है, यह देखना बाकी है कि क्या दिलीप अपने वास्तविक स्वभाव पर काबू पा सकता है और वास्तव में उसे बदलकर बेहतर इंसान बन सकता है, या क्या वह एक बार फिर अपने पुराने तरीकों पर लौट आएगा। दिलीप पटेल की भूमिका निभाने वाले जयेश मोरे ने कहा, ÷दिलीप के लिए यह कहानी काफी दिलचस्प है। यह कुशलता से किसी ऐसे व्यक्ति के अंदरूनी संघर्ष को दर्शाता है, जो खुद को बदलकर बेहतर इंसान बनना चाहता है, फिर भी उसे अपने मूल स्वभाव पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण लगता है। इसी तरह, दिलीप की बुरी प्रवृत्तियां लगातार उभरती रहती हैं, जिससे वह ऐसी चालों और साज़िशों में शामिल हो जाता है जो पुष्पा के जीवन को और अधिक जटिल बना देती हैं। मुझे यकीन है कि दर्शक इस संघर्ष से जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दिलीप का किरदार आगे कैसे विकसित होता है और कहानी में आगे क्या होता है।



## 'भाबीजी घर पर हैं' के रोहिताश्व गौड़ ने दिल को छू लेने वाले अंदाज में प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया!

मनोरंजन की दुनिया में प्रशंसकों और कलाकारों के बीच प्रशंसा और समर्पण का एक अनूठा बंधन होता है। प्रशंसक अक्सर अपने पसंदीदा सितारों के प्रति अपना प्यार जताने के लिये किसी भी हद तक जाते हैं और बदले में ये कलाकार भी विनम्रता और प्रेम से उनका आभार जताते हैं। एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी के अपने किरदार के लिये मशहूर रोहिताश्व गौड़ ने हाल ही में दिल को छू लेने वाले अंदाज में अपने प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया। वह लंबी दूरी तय करके मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित अपने प्रशंसकों से मिलने के लिये गये और उनके प्रति अपनी करूणा और प्यार व्यक्त किया। रोहिताश्व का यह अनूठा तरीका अपने चाहने वालों के प्रति उनके उल्लेखनीय प्रयासों को दर्शाता है। अपना आभार व्यक्त करते हुये और अपने प्रशंसकों के साथ इस खास मुलाकात के बारे में बताते हुये रोहिताश्व गौड़ ने कहा, ''मुझे यह जानकर बहुत खुशी होती है कि मेरे प्रशंसकों को मेरा परफॉर्मेंस और किरदार अच्छा लगता है और वे उसकी तारीफ करते हैं। उनसे मिलकर मुझे खुशी मिलती है, लेकिन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित प्रशंसकों से विदा लेते समय अक्सर मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं। इन हौसलामंद और प्रेरणादायक लोगों से मिलना और उनके मुंह से 'लड्डू के भैय्या' सुनना सम्मान की बात है। मैं यह जानकर हैरान रह गया कि सभी मरीज नियमित तौर पर हमारा शो देखते हैं। साथ ही मुझे यह भी पता चला कि हिमाचल प्रदेश के सोलन में 'मानव मंदिर' नाम का एक इंडियन एसोसिएशन डिस्ट्रॉफी (आईएएमडी) है, जोकि एशिया का सबसे बड़ा इंस्टीट्यूट है, जिसे मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त भाई-बहनों विपुल गोयल और संजना गोयल द्वारा चलाया जाता है। अपने प्रशंसकों से मिलना और उनके अटूट समर्थन को महसूस करना एक कलाकार के रूप में मेरे सफर को बहुत ही बेहतरीन बनाता है और हम सभी को एकजुट करने में कहानी कहने और सिनेमा की ताकत की याद दिलाता है। प्यार और फीडबैक के उनके अलग-अलग भाव वाकई में बहुत असाधारण हैं और दिल को छू जाते



## 'आंगन अपनों का' में जयदेव के जोखिम भरे कर्ज़ से उसका घर खतरे में है

सोनी सब का 'आंगन अपनों का' एक समर्पित सिंगल पिता जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) और उनकी तीन बेटियों के साथ उनके करीबी रिश्ते की दिल छूने वाली कहानी दर्शाता है। जबकि पल्लवी (आयुषी खुराना) ने अपने विवाहित जीवन की शुरुआत कर दी है, वह अपनी सास अपर्णा (कशिश दुग्गल) की चुनौतियों का सामना करते हुए, अपने पिता और अपने नए परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों के बीच नाज़ुक संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। हाल के एपिसोड्स में, जयदेव एक ज़ोखिम भरा फैसला लेता है, क्योंकि वह अपने घर को गिरवी रखकर अपने दामाद वरुण (वसीम मुश्ताक) के स्टार्टअप उद्यम का समर्थन करने के लिए उसे चुपचाप लोन के पैसे उधार दे देता है। आगामी एपिसोड्स में, जयदेव की बेटियों को पता चल जाता है कि उसने उनसे कर्ज़ की यह बात छिपाई है। तन्वी (अदिति राठौर) को उनके घर के कागज़ात मिलते हैं और वह संभावित ऋण के बारे में जयदेव से बात करती है, जबकि दीपिका (नीता शेट्टी) वरुण के स्टार्टअप में हुए निवेश के स्रोत पर सवाल उठाना शुरू कर देती है। अंततः उन्हें सच्चाई का पता चलता है और यह जानकर वे बहुत दुखी होती हैं कि उनके पिता ने ही गुप्त रूप से वरुण को पैसे दिए थे।



## टीवी कलाकारों ने रोजाना की जिन्दगी में ज्योतिष का मार्गदर्शन लेने के बारे में की बात

कई लोग अपनी रोजाना की जिन्दगी में मार्गदर्शन और मुश्किल सवालों के जवाब पाने के लिये ज्योतिष का सहारा लेते हैं। ज्योतिष एक लेंस की तरह काम करता है। यह अनिश्चितताओं से उबरने और सही दिशा पाने में लोगों की मदद करता है। इसमें खगोलीय तत्वों की व्याख्या होती है। ज्योतिष से लोगों और ब्रह्मांड के बीच संबंध का एक अनोखा दृष्टिकोण मिलता है। इससे जीवन में होने वाली घटनाओं को समझने और व्याख्या करने की एक रूपरेखा मिलती है। साझा अनुभवों से शांति मिलती है और जुड़ाव तथा समझ बढ़ती है। एण्डटीवी के कलाकार ज्योतिष को मानने और अपनी मान्यताओं तथा जिन्दगी पर उसके असर के बारे में बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- आशुतोष कुलकर्णी ('अटल' के कृष्ण बिहारी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी)। एण्डटीवी के शो 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, ''मैं जिन्दगी के फैसले लेने में ज्योतिष पर भरोसा करता हूँ। चंद्रमा की कलाओं से अनुकूल समय की जानकारी पाने में संतोष मिलता है। यह साधारण लग सकता है, लेकिन इससे मुझे स्पष्टता मिलती है, मेरे फैसलों का मार्गदर्शन होता है और उनमें उद्देश्य जुड़ जाता है। मैं आशीष मेहता और अंशुमन एस्ट्रो जैसे ज्योतिषियों के यूट्यूब चैनल रोजाना देखता हूँ। अपना राशिफल जानने से मेरा दिन नियत हो जाता है और मुझे चुनौतियों से उभरने के लिये जानकारी मिल जाती है। मेरी जन्म पत्रिका एक निजी रोडमैप की तरह है।

# दरोगा हप्पू सिंह की बेटी मलाइका बन गई है एसीपी!

एण्डटीवी का शो 'हप्पू की उलटन पलटन' अपने दिलचस्प और मनोरंजक किस्से-कहानियों के लिये मशहूर है। उसमें होने वाले वाकये दर्शकों को हंसाते हैं। उसके किरदार अक्सर हंसाने वाली स्थितियों में होते हैं। दर्शकों का मनोरंजन करने के लिये वे नये-नये अवतारों और भूमिकाओं में दिखाई देते हैं। आगामी कहानी में मलाइका (सोनम पंवार द्वारा अभिनित) एक धाकड़ एसीपी बनकर दर्शकों को चैंका देगी। मलाइका एसीपी के नये अवतार में दिखेगी। वह एक वफादार और ईमानदार ऑफिसर बनने की ट्रेनिंग ले चुकी है। ऐसी ऑफिसर, जो ईमानदारी और सम्मान के साथ सेवा तथा सुरक्षा देने की अटूट प्रतिबद्धता रखती है। वह दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) से उलट है। मलाइका चूंकि हप्पू की बेटी है, इसलिये उसकी नई भूमिका से हप्पू को चुनौती मिलेगी। वह हप्पू की सीनियर है और मामले सुलझाने में उनके बीच टकराव होगा। पुलिस स्टेशन के लिये मलाइका नये नियम और कायदे लेकर आती है। शो में एसीपी की अपनी भूमिका पर जानकारी देते हुए, मलाइका (सोनल पंवार) ने कहा, ''हमारा शो हमारे दर्शकों को हमेशा रोमांचक और मनोरंजक कंटेन्ट देता है। मुझे विश्वास है कि यह कहानी हमारे दर्शकों को लोट-पोट कर देगी। एसीपी की भूमिका निभाने से मुझे एक नई ताजगी मिली है, क्योंकि मैंने हमेशा टीनेज लड़कियों (किशोरियों) की भूमिकाएं की हैं। हालांकि, असल जिन्दगी में मेरी शख्सियत बहुत कुछ मलाइका जैसी है। इसलिये पुलिस ऑफिसर के किरदार में ढलना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक रहा। मैंने पहली बार पिस्टल पकड़ी और पुलिस की यूनिफॉर्म पहनने से स्क्रीन पर मेरे व्यक्तित्व को ताकत मिली। स्क्रीन पर अपने पिता दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी द्वारा अभिनित) के साथ सीन्स की शूटिंग करने में मुझे मजा आया। मेरा किरदार पूरी तरह से उन पर हावी रहा और मैं उनसे ज्यादा ताकतवर दिखी। यह एक खुशनुमा मोड़ था। मुझे इसमें मजा आया और किरदार के इस अपग्रेड में पूरे क्रू का अच्छा वक्त बीता। उन्होंने मुझे ''एसीपी मैडम जी'' कहकर पुकारना भी शुरू कर दिया (हंसती हैं)।



## अंजलि तत्रारी ने अपने किरदार के लिए बॉस लेडी की पोशाक को अपनाया

सोनी सब के 'वंशज' में, अंजलि तत्रारी को युविका महाजन की भूमिका के लिए व्यापक तारीफ मिली है। अपनी भूमिका में, उन्होंने पुरुष-प्रधान विरासत की रीतियों का सामना करते हुए रूढ़िवादिता को चुनौती दी, और अपने आकर्षक चित्रण से काफी तारीफ हासिल की। शो के एक साल के लीप और अपने किरदार युविका की चौंकाने वाली मौत के बाद, अंजलि ने युविका की हमशक्ल युक्ति मुल्तानी का किरदार निभाते हुए नए सफर की शुरुआत की है। युविका की सरल और विनम्र उपस्थिति को बदलते हुए, अंजलि ने युक्ति के रूप में कदम रखा, और एक बोल्ड और मॉडर्न लुक के साथ पूरी तरह से नया किरदार प्रस्तुत किया। जबकि दर्शकों ने युविका को बिल्कुल सरल अवतार में देखा है, जो आमतौर पर भारतीय परिधान और साड़ियां पहनती थी, युक्ति का स्टाइल युविका से बिल्कुल अलग है, क्योंकि उसने नए तरह के कपड़ों और एक्सेसरीज़ के साथ बॉस लेडी के रूप को अपनाया है। रंगीन लेंस और चिक ब्लेज़र से लेकर एलिगेंट ड्रेस तक पहनते हुए, युक्ति अपनी पावर ड्रेसिंग से आत्मविश्वास और अधिकार का परिचय देती है। उसका पहनावा उसके मुखर और सशक्त स्वभाव को दर्शाता है, और उसकी आकर्षक और स्टाइलिश उपस्थिति ध्यान आकर्षित करती है। अपने फैशन विकल्पों से लेकर अपने तौर-तरीकों तक, अंजलि नए आत्मविश्वास और स्वभाव के साथ युक्ति के किरदार को जीवंत करती है। युविका का किरदार निभाने वाली अंजलि तत्रारी कहती हैं, युक्ति का किरदार निभाना एक नवीन बदलाव है और मैं इसे लेकर बेहद उत्साहित थी। युक्ति के रूप में मेरा नया लुक युविका से बिल्कुल अलग है। युविका के साथ, मैं न्यूनतम मेकअप और सरल स्टाइलिंग करती थी, लेकिन युक्ति के मामले में, यह पूरी नई दुनिया है। हम बोल्ड आईलाइनर, विविध हेयर स्टाइल, और ट्रेंडी आउटफिट के साथ प्रयोग कर रहे हैं।



## एक नजर

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन 8 मार्च तक




**कोंडागांव 3 मार्च।** माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 13 फरवरी 2024 को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत देशभर के 1 करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे छत के ऊपर सोलर पैनल सहित सम्पूर्ण सेट के इंस्टालेशन पर वित्तीय सहायता की व्यवस्था की गई है। एक किलोवाट सिस्टम के लिए ?30,000 की सब्सिडी, दो किलोवाट सिस्टम के लिए ?60,000, तीन किलोवाट या इससे अधिक सिस्टम के लिए ?78,000 का सब्सिडी निर्धारित किया गया है। इस योजना के पंजीयन व सर्वे कार्य डाकघर को दिया गया है, हितग्राहियों का पंजीयन व सर्वे कार्य शुरू हो गया है अंतिम तिथि 8 मार्च है।

### आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड अपडेट किया गया

**धमतरी, 3 मार्च।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में विशेष जनजाति कमार हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीत दिन अधिकारियों सहित कर्मचारियों के दल द्वारा कमार बसाहट पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाने और आधार अपडेट करने का कार्य किया गया। आधार पंजीयन और अपडेट के तहत ग्राम पंचायत सिंगपुर में 2 हितग्राहियों का नया पंजीयन और 14 आधार अपडेट किया गया। वहीं ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली में 13 हितग्राहियों का आधार पंजीयन तथा 10 अपडेट किया गया। इसके साथ ही 26 कमार हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया।

### जिले के तीन स्कूलों ने कराया न्यौता भोज

**धमतरी, 3 मार्च।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप जिले में स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन वितरित करने लगातार विभिन्न संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अपने जन्म दिन, विशेष दिवस के अवसर पर 'न्यौता भोज' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन भारतीय जैन संघटना महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती वंदना चौरडिया द्वारा स्कूलों में फल वितरण किया गया।

# कलेक्टर ने नंदनमारा स्कूल के विद्यार्थियों के साथ किया 'न्योता भोज'

**सभी स्कूल विद्यार्थियों के साथ जमीन पर बैठकर किया भोजन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले में नई पहल**





**उत्तर बस्तर कांकेर, 2 मार्च।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले के स्कूलों में न्योता भोज की शुरूआत आज से की गई। इसी क्रम में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कांकेर विकासखण्ड के ग्राम नंदनमारा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जाकर विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 7वीं की छात्रा कुमारी जाह्नवी सोनकर के जन्म दिन के अवसर पर उसे केक खिलाकर सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित किया।

कलेक्टर आज दोपहर 1.30 बजे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नंदनमारा पहुंचे जहॉ पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को इसमें सहभागी बनने की अपील की। कलेक्टर ने कक्षा 7वीं की छात्रा कु. जाह्नवी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके पिता श्री हीरालाल सोनकर एवं माता श्रीमती रुख्मणी सोनकर की उपस्थिति में केक खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी स्कूली विद्यार्थियों के साथ जमीन पर बैठकर न्योता भोज किया। उनके साथ स्थानीय सरपंच सहित जिले के अधिकारियों ने भी न्योता भोज का स्वाद लिया। तत्पश्चात् सभी छात्राओं को चॉकलेट वितरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे अपने अभ्यास और प्रयास निरंतर जारी रखें और निर्धारित लक्ष्य को हांसिल करने के लिए आगे बढ़ें। छोटी कोशिशो से बड़े से बडा लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान कलेक्टर के पूछे जाने पर विद्यार्थियों ने कहा कि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर कलेक्टर, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पुलिस और फौजी बनना चाहते हैं, जिस पर कलेक्टर ने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। इसके पहले, उन्होंने ग्रामीणों व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्ता एवं पोषणयुक्त भोजन प्रदाय किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य सिर्फ भोजन कराना ही नहीं अपितु विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार प्रदान करना भी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी शुभ अवसर जैसे-विवाह, जन्मदिन, वर्षगांठ, गृह प्रवेश आदि मौकां पर वे अपना सहयोग प्रदान कर इस पुनीत कार्य में साझेदारी कर सकते हैं। इससे सामाजिक समरसता और सहभागिता की भावनाएं भी विकसित होती हैं।

कलेक्टर ने इस दौरान विद्यालय के विभिन्न कक्षों एवं परिसर का अवलोकन किया तथा वहॉ अनुकूल वातावरण स्वच्छता और सुव्यवस्थित रख-रखाव व प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री एलआर कुर्रे सहित स्कूल शिक्ष विभाग के अधिकारी, शिक्षक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने आराध्या को दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की

**जिले में 0 से 5 साल तक के एक लाख से अधिक बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की दवा**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 3 मार्च ।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला अस्पताल में 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत कीं। उन्होंने आराध्या कश्यप, अभीराम कश्यप, एबीजैल चारन, मीजैल चारन, चार्वी साहू और पियुष भंडारी को पोलियो की खुराक पिलायी। कलेक्टर सुश्री गांधी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलायें, ताकि कोई भी बच्चा छूटे न। इस अवसर पर कलेक्टर ने पोलियो प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। गौरतलब है कि आज से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिनों तक चलेगा। प्रथम दिवस 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। 04 एवं 05 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने बताया कि एक भी बच्चा पोलियो दवा पीने से न छूटे, इसके लिए जिले में 772 पोलियो बूथ बनाया गया है। यह पोलियो बूथ आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन और उप स्वास्थ्य केन्द्र में होगा। जिले में शून्य से 5 साल के लक्षित कुल एक लाख 10 हजार 553 बच्चे बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी। बस स्टैण्ड, रेल्वे प्लेटफार्म व हाई रिस्क एरिया जैसे ईटा भट्ठा, कोयला भट्ठा, निर्माण क्षेत्र, घुमन्तू परिवार आदि के लिए अलग टीम बनाई गयी है तथा मेला एवं बाजार के लिए भी टीम बनाई गई है, जों वहां के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेंगे।

## समाचार संक्षेप

### सुपोषण मोदक से कुपोषित बच्चों के वजन में होगी बढ़ोत्तरी



**धमतरी, 3 मार्च।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप और कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों में कुपोषण मिटाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आयुर्वेद विभाग की देख-रेख में सुपोषण मोदक तैयार कर जिले की आंगनबाड़ियों के कुपोषित बच्चों को दी जा रही है। इसके सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा, वहीं उनके वजन में भी आशातीत वृद्धि होगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.गुरूदयालय साहू बताया कि जिले के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के उद्देश्य से प्रारंभिक तौर पर बीते दिनों आंगनबाड़ी केन्द्र उमरगांव, छिंदीटोला, छाती, खरतुली, पोटियाडीह, लोहरसी, मुजगहन, गट्टासिल्ली, कुर्रा, डाही, अंगारा, हंकारा, सेमरा, कौहाबाहरा, दुगली, मंदरौद, भखारा, कातलबोड़, आमदी, घुटकेल, सिंगपुर, दर्रा में वितरित किया गया है। आयुष विभाग द्वारा इस सुपोषण मोदक कों अश्वगंधा चूर्ण, मुलैठी, बालचर्तुभद्र और गुड़ से तैयार किया गया है। कुपोषित बच्चे को इस मोदक का दिन में दो बार सेवन कराना है, जिससे कुपोषण के स्तर में सुधार होगा एवं बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता में विकास होगा तथा वजन बढ़ेगा। साथ ही बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा और बच्चे बार-बार बीमार होने से भी बचेंगे। इस मोदक के सेवन से बच्चों का पाचन तंत्र मजबूत होता है, जिससे उन्हें ज्यादा भूख लगती है और जो भी खाते हैं, उसे पचाने में मदद मिलती है। इसके अलावा मस्तिष्क का विकास भी होता है। मोदक में आयरन और प्रोटिन की मात्रा होने की वजह से बच्चे स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उचित देखभाल, सही खानपान और चिकित्सीय सलाह की वजह से जिले के बच्चों को सुपोषित करने में सहूलियत होगी।

### कलेक्टर के निर्देश पर जिले में असंगठित श्रमिकों को किया गया लाभान्वित

**धमतरी 3 मार्च।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर छठग0 असगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अतर्गत संचालित योजनाओं, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनातर्गत कुल 37 हितग्राहियों को 37 लाख रूपये, असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजनांर्गत 82 हितग्राहियों को 16 लाख 40 हजार रूपये, असगठित कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति सहायता योजनातर्गत 207 हितग्राहियों को एक लाख 80 हजार 500 रूपये, ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक कल्याण मण्डल अतर्गत छात्रवृत्ति सहायता योजनांतर्गत 28 हितग्राहियों 21 हजार रूपये, प्रसूति सहायता योजनांतर्गत 10 हितग्राहियों दो लाख रूपये, सफाई कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति सहायता योजनातर्गत 08 हितग्राहियों को 19 हजार 500 रूपये एवं सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजनातर्गत 01 हितग्राही को 20 हजार रूपये, इस तरह कुल 373 हितग्राहियों को 57 लाख 81 हजार रूपये से लाभान्वित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग के तहत् छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत 58 प्रकार के प्रवर्गों जैसे- खेतीहार मजदूर दर्जी, नाई, धोबी, घरेलू कर्मकार, सफाई कर्मकार, ठेका श्रमिकः हमाल कुली रेजा, मितानीन, रसोईया, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, राउत चरवाहा, कोटवार आदि का पंजीयन किया जाता है, जिनके लिए पंजीयन पश्चात् कुल 35 प्रकार की योजनाएं संचालित है। जैसे प्रमुख रूप से असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, असंगठित कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति सहायता योजना, असंगठित कर्मकार प्रसूति सहातया योजना, मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार सायकल सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार सिलाई मशीन सहायता योजना, सफाई कर्मकार पुत्र/पुत्री सायकल सहायता योजना सचालित है। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन करायें एवं च्वाईस सेंटर में निर्धारित शुल्क के अलावा अवैधानिक राशि की मांग करता है तो कोई विभाग का नाम लेकर अवैध राशि की मांग करता है, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने /तहसीलदार कार्यालय अथवा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, कलेक्टोरेट स्थित श्रम पदाधिकारी कार्यालय को शिकायत करें।

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने नियुक्त किये नोडल अधिकारी

**धमतरी 3 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने जिले में छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम के तहत शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय एवं अस्पताल के निकट क्षेत्र (100 मीटर रेडियस) को साईलेंस जोन घोषित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टोरेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त कलेक्टर श्री आर.के.कृपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, आयुक्त नगरनिगम धमतरी श्री विनय पोयाम, उप संचालक पंचायत श्री अविनाश मसराम सहित संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद और नगरी के लिये संबंधित थाना प्रभारी, जिला चिकित्सालय धमतरी हेतु सिविल सर्जन और खंड चिकित्सालयों के लिये संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के लिये संबंधित प्राचार्यों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यार्थियों को कराया गया भ्रमण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर, 3 मार्च।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत जिले के 700 से अधिक विद्यार्थियों को दो चरण में राज्य स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम कराया गया है। इसके तहत अंतागढ, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल एवं कोयलीबेड़ा के कुल 350 विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय भ्रमण कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों को छत्तीसगढ विज्ञान केन्द्र, रायपुर, स्वॉमी विवेकानन्द हवाई अड्डा रायपुर, शहीद वीर नारायण अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एवं पुरखौती मुक्तांगन रायपुर का भ्रमण कराया गया। दुर्गुकोंदल के विद्यार्थी भ्रमण के दौरान विज्ञान केन्द्र में तारामण्डल कार्यक्रम देख कर बहुत उत्साहित हुए, वहीं कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के विद्यार्थी हवाई जहाज देख कर उत्साहित हुए।

विद्यार्थियों ने विज्ञान केन्द्र में बने ध्वनी का मापन, इलेक्ट्रानिक मीटर, जल प्रवाह मापी, हवा की गति का मॉपन, परिणाम के अनुक्रम, सूक्ष्मतम से विशालतम, स्पर्श प्रतिक्रिया, श्रव्य प्रतिक्रिया, विज्ञान प्रदर्शनी, वायुमंडलीय दाब का मापन, सौरमण्डल आदि के मॉडल व उसमें लगे सेंसर से होने वाली प्रतिक्रिया को देख कर बहुत कुछ सिखा। साथ ही जिले के समस्त विद्यार्थियों को विज्ञान केन्द्र में तारामण्डल पर बनी वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें सौरमण्डल के समस्त ग्रहों की पृथ्वी से दूरी, समस्त ग्रहों के नाम, उसका साईज तथा ग्रहों के क्रम को समझाया गया।

साथ ही कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के विद्यार्थियों को थ्रीडी मूवी के माध्यम से मंगलग्रह, अंतरिक्ष व चाँद और अंतरिक्ष यात्रियों के जीवन आदि के बारे में जानकारी मिली। साथ ही सभी विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में हवाई जहाज़ को इतने नजदीक से देखकर बहुत उत्साहित हुए तथा सभी विद्यार्थियों के चहरे खिल गए।

उक्त भ्रमण के माध्यम से कई विद्यार्थियों को पहली बार राजधानी रायपुर को देखने का मौका मिला। इस दौरान रायपुर शहर और मंत्रालय परिसर आदि दिखाया गया।

भ्रमण कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यार्थियों को पुरखौती मुक्तांगन में बस्तर आर्ट दिखाया गया। इस प्रकार अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत भ्रमण कराया गया।

## जिले में सड़क व निर्माण कार्यों में जो भी अव्यवस्था सब कांग्रेस की देन:रामू नेताम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 मार्च।** किरंदुल से दंतेवाड़ा सड़क की बदहाली को लेकर कांग्रेस के चक्काजाम और प्रदर्शन पर जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सड़क को लेकर कांग्रेस और कर्मा परिवार का प्रदर्शन केवल दिखावा है । कांग्रेस के शासन और कर्मा परिवार से विधायक रहते हुए विगत 5 वर्षों में कांग्रेस केवल भ्रष्टाचार में लिप्त रही ,अपने ही ठेकेदार जिलाध्यक्ष को जिले के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का ठेका दिलवाया गया। और कांग्रेस के ठेकेदार जिलाध्यक्ष ने सभी निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार करते हुए एक भी निर्माण पूरा नहीं किया और कांग्रेस शासन होने की वजह से अधिकारियों ने भी कोई कार्रवाई नहीं की । जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने कहा कि आज कर्मा परिवार सड़क के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाकर जनता और प्रशासन को धोखा नहीं दे सकते । अपने विधायक कार्यकाल में जनहित से जुड़े एक भी कार्य पूरा नहीं करने और अपने करीबी ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए ,जिले के हितों से समझौता करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए। रामू नेताम ने कांग्रेस और कर्मा परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले के निर्माण कार्यों को बाहरी लोगों के हाथ मे देने का काम भी पूर्व विधायक और कांग्रेस ने किया है जिसका परिणाम है कि आज किरंदुल और दंतेवाड़ा के लोग भुगत रहे हैं। रामू नेताम ने सवाल करते हुए कहा कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने जिन निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किया और जिसकी जांच जारी है उस पर कांग्रेस पार्टी क्या कार्यवाही कर रही है ?? रामू नेताम ने कहा कि कर्मा परिवार को क्रमिक भूख हड़ताल कांग्रेस कार्यालय के सामने करना चाहिए ,क्योंकि 5 सालों में जिले की जो दुर्दशा की गई उसके लिए पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष ही जिम्मेदार हैं । जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने कहा प्रदेश में अब बीजेपी सरकार है, जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के जवाब में विकास की गाथा लिखेगी ,किरंदुल से दंतेवाड़ा का सड़क निर्माण शीघ्र ही पूरा होगा । श्री नेताम ने कहा की जनता ने विधानसभा चुनाव में कर्मा परिवार और कांग्रेस के भ्रष्टाचार का जवाब दे दिया है इसलिए इस मामले में वह घड़ियाली आंसू न बहाएं।

### भाजपा सरकार देश के विकास एवं गरीबों के कल्याण के लिए संकल्पित सरकार है:चैतराम अटामी

**दंतेवाड़ा 3 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सुझाव अभियान की शुरुवात दंतेवाड़ा जिले से की गई है। इस संदर्भ में प्रेस वार्ता को



सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक देश को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए देश भर से 1 करोड़ से ज्यादा लोगो के सुझाव लिए जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है की भाजपा की सरकार गरीबों के कल्याण के लिए संकल्पित सरकार है। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है और देश की जनता इनका लाभ भी ले रही है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा जोरशोर से तैयारियों में जुट गई है।अबकी बार 400 पार का संकल्प लेकर भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। श्री अटामी ने बताया कि सम्मेलन में समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। केंद्र की योजनाओं को लेकर जनता और लाभार्थियों से मिलना है, प्रत्येक बूथ के 10 घरों में झंडा लगाना है, बूथ में 10 दीवार लेखन करना है। जगह-जगह चौपाल लगाकर केंद्र की योजनाओं के बारे में जनता से चर्चा करनी है। यह अभियान 3 मार्च से शुरू होकर आगामी लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा।

## छुईखदान के किसान को मिला देशी कपूरी पान के उत्पादन, विक्रय, विपणन, वितरण, आयात एवं निर्यात का एकाधिकार



**रायपुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ में पान की खेती के लिये प्रसिद्ध राजनांदगांव जिले के छुईखदान में देशी कपूरी पान को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने एक नई पहचान दिलाई है। इंदिरा गांधी कृषि विश्विद्यालय के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में पान की खेती करने वाले छुईखदान के ग्राम धारा के किसान श्री बन्टू राम महोबिया को पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण द्वारा कृषक किस्म ÷छूईखदान देशी कपूरी पान÷ के नाम से पंजीकृत कर नौ वर्षों तक इस किस्म के उत्पादन, विक्रय, विपणन, वितरण, आयात एवं निर्यात करने का एकाधिकार दिया गया है। इस प्रमाणपत्र के माध्यम से भारत सरकार श्री महोबिया को भारत में कहीं भी अपनी पंजीकृत किस्म का विपणन करने का विशेष लाइसेन्स प्रदान किया गया है। श्री बन्टू राम महोबिया छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिले के ग्राम धारा के निवासी है। कई दशकों से ये परंपरागत तरीके से देशी कपूरी पान की खेती करते आ रहे है। इस पान का परीक्षण कलकत्ता और बैगलोर में स्थित छ्रस् सेंटर में किया गया है। भारत में पंजीकृत यह पहली पान की किस्म है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कपूरी पान का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। वर्षों से यह पान डोंगरगढ़ की बम्लेश्वरी माता को अर्पित किया गया है। सांस्कृतिक महत्व के अलावा कपूरी पान के अन्य कई लाभ भी है। अनुसंधान के अनुसार, यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालता है और पाचन संबंधी समस्याओं में भी मददगार साबित होता है। साथ ही, यह अनेक गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी कम करने में मदद करता है। कपूरी पान का सेवन गर्मियों में किया जाता है जिससे शरीर में शीतलता की अनुभूति होती है। कपूरी देशी पान की पत्तियां पीले हरे रंग की दीर्घ वृत्ताकार, डंठल की लंबाई 6.94 से.मी. डंठल की मोटाई 1.69 से.मी., पत्ती की लंबाई 9.70 से.मी. तथा चैड़ाई 6.64 से.मी. पत्ती क्षेत्र सूचकांक 3.94 से.मी. पत्ती का वजन 12.84 ग्रा. तथा पत्तियों की उपज 80-85 प्रति पौध है। कपूरी पान के पंजीयन करने में डॉ. नितिन रस्तोगी, डॉ.एलिस तिरकी, डॉ. आरती गुहे, डॉ. बी.एस. असाटी एवं डॉ. अविनाश गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और निदेशक अनुसंधान डॉ. विवेक त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में यह कार्य सम्पन्न हो सका।

श्री बन्टू राम महोबिया का परिवार बीते 100 वर्षों से पान की इस दुर्लभ किस्म का उत्पादन और संवर्धन का कार्य कर रहे है। छुईखदान का जलवायु और यहां की सफेद मिट्टी पान की इस किस्म के लिए उपयुक्त है। पान की खेती में लागत बढ़ने और कई तरह की बीमारी आने के चलते यहां खेती सिमट गई। 30 ये 35 साल पहले छुईखदान का पान देशभर में प्रसिद्ध था। पहले छुईखदान के पान की इलाहाबाद, वाराणसी, कलकत्ता, मंबई समेत भारत के कई बड़े शहरों में सीधे सप्लाई होती थी। विशेषकर वाराणसी में छुईखदान का पान नाम से ही बिकता था। पर धीरे-धीरे खेती का रकबा कम होते ही पहचान खोने लगी। अब देशी कपूरी पान को प्राप्त यह पंजीयन भारत मे इस किस्म की ख्याति को पुनः प्राप्त करेगा और फिर से छुईखदान में पान की खेती लहलहाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पौधों के किस्मों के संरक्षण, किसानों और पौधा प्रजनकों के अधिकारों की रक्षा, और पौधों की नई किस्मों को बढ़ावा देने के लिए ÷पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण (पी.वी.वी.एफ.आर.ए.) अधिनियम, 2001÷ को भारत में लागू किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा विगत 2012 से पी.पी.वी.एफ.आर.ए. के नोडल अधिकारी के रूप में कृषकों की प्रजातियों के पंजीयन के कार्य कर रहे हैं। इनके प्रयासो के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ के 2 कृषक समूह और 19 किसानों को पी.पी.वी.एफ.आर.ए. के द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह की चिंता हुई दूर, खर्च में भी हो रही बचत:राजवाड़े

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 4 मार्च ।** राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत जिले के 177 बेटियों का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़ों का धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयाल दास बघेल, राजिम विधायक श्री रोहित साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य शासन द्वारा योजना अंतर्गत 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता नव विवाहित जोड़ों को दी जाती है। सामूहिक विवाह में वधुओं को 21 हजार रूपये का चेक राशि सहित शेष राशि से श्रृंगार सामग्री, आलमारी, थाली 6 नग, कटोरी 6 नग, गिलास 6 नग, चम्मच 6 नग, पराट एक नग, लोटा एक नग, कुलर एक नग, पानी टंकी 1 नग, स्टील टिफिन बॉक्स एक नग, भगोना 1 नग उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। सामूहिक विवाह में छुरा, मैनपुर, फिंगेश्वर, गरियाबंद एवं देवभोग विकासखंड के नवयुवक - युवतियां जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे।



सामूहिक कन्या विवाह में मौजूद महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू किया गया था। योजना अंतर्गत जनवरी 2024 तक प्रदेष में कुल 1 लाख 14 हजार 750 जोड़ों को लाभान्वित किया गया है। समाज में वैवाहिक कार्यक्रमों में खर्च को रोकने के लिए यह योजना लाभदायक है तथा अन्य राज्य में भी इस योजना का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 50 हजार रूपये नव विवाहित जोड़ों को दिया जाता है। इससे विवाह के समय होने वाले खर्च और जरूरी तैयारियों की चिंता दूर हो गई। जिससे कमजोर एवं गरीब परिवारों के बेटियों के विवाह में होने वाले खर्च की भी बचत हो रही है। प्रधानमंत्री जी के गारंटी के तहत सभी विवाहितों के लिए महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया है, जिसमें अभी तक 70 लाख से महिलाओं का पंजीयन किया गया है। पात्र महिलाओं को इस योजना के माध्यम से प्रत्येक माह 1 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा।

**विश्वास ही विवाह का आधार, समन्वय के साथ वैवाहिक जीवन बिताएं - बघेल**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह का आधार विश्वास होता है। पति-पत्नी को एक-दूसरे पर विश्वास और समन्वयता के साथ वैवाहिक जीवन बिताना चाहिए। उन्होंने वर-वधुओं को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए परिवारों का भी मान-सम्मान बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह के खर्चों की फिक्र हुई दूर सामूहिक कन्या विवाह के अंतर्गत विवाह करने आए नवदंपत्तियों ने बताया कि इस योजना के तहत शासन की ओर से की जाने वाली सहायता से विवाह में होने वाले खर्चों की फिक्र दूर हो गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत दिए जाने वाली सहायता राशि और शादी का खर्च शासन द्वारा निर्वहन करने से गरीब परिवारों के बेटियों की शादी की चिंता दूर हो गई है। सामूहिक कन्या विवाह में शामिल होने आये वर-वधुओं और उनके परिजनों ने शासन की इस योजना के लिए आभार जताया। इस दौरान राजिम विधायक श्री रोहित साहू एवं पूर्व सांसद श्री चन्दूलाल साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधुबाला रात्रे, श्री चंद्रशेखर साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम श्रीमती रेखा जितेन्द्र सोनकर, अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू, श्रीमती नूरमती मांझी, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू सहित जिले के जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कांबले, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पांडेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

## पं. प्रदीप मिश्रा4 को पहुंचेंगे राजिम संत समागम में होंगे शामिल

**राजिम, 3 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय शिव महापुराण कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा 4 मार्च को राजिम कुंभ कल्प मेला में संत समागम समारोह में पहुंचेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार महाराज जी मुंगेली से शाम 5 बजे राजिम पहुंचेंगे। शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक संत समागम कार्यक्रम में शामिल होंगे। बता दें कि राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन 24 फरवरी से 8 मार्च तक होगा। इस दौरान 3 मार्च से 8 मार्च तक विराट संत समागम का आयोजन होगा। 3 मार्च को जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज, साध्वी ऋतंभरा दीदी जी, संत समागम के उद्घाटन अवसर पर शामिल होंगे। इस दौरान महामंडलेश्वरों, महंत सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा मौजूद रहेंगे।

## सांसद एवं विधायकों ने किया पालना घर का शुभारंभ

**महासमुंद।** कामकाजी महिलाओं के लिए कलेक्टोरेट परिसर में तैयार हुए सर्वसुविधायुक्त पालनाघर की विधिवत शुरुआत की गई। इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलित किया। कलेक्टर प्रभात मलिक, वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक भी मौजूद रहे।अतिथिगणों ने अवलोकन पश्चात कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा पालना घर का निर्माण एक सराहनीय पहल है। इससे कामकाजी महिलाओं को चिंता से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर अतिथि गणों ने बच्चों को गिफ्ट और चॉकलेट भी वितरित किए। कलेक्टर प्रभात मलिक ने बताया कि जिले में कुल 7 पालना घर तैयार किए जाने हैं। विकासखंड स्तर पर भी होगा इसकी भी जल्दी ही शुरुआत की जाएगी।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मलिक के पहल पर जिले का पहला सर्व सुविधायुक्त पालना घर तैयार किया गया है। पालना घर में बच्चों के खेलने के लिए आवश्यक खिलौना, झूला, शैक्षणिक सामग्री और अन्य सीखने योग्य सामग्री मौजूद होने के साथ हाल के चारों तरफ हिंदी और अंग्रेजी में सुंदर अक्षरों में वर्णमाला और गिनती लिखे गए हैं। वहीं बच्चों की आवश्यकता के अनुरूप फ्रिज सहित सुविधायुक्त किचन और वॉशरूम की सुविधा भी हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी शैल नाविक, शीला प्रधान, सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, बाजार में लोगों से की चर्चा



**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई से खाद्य पदार्थ, सब्जी, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ महासमुंद कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि गण एवं पदाधिकारियों ने स्थानीय सदर बाजार सब्जी मार्केट में जाकर आम नागरिकों से वार्तालाप किया।बाजार में उपस्थित गृहिणियों ने बताया कि खाद्य पदार्थ की महंगाई 2014 के पश्चात नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार जब से केंद्र में आई है तब से प्रत्येक घर का अर्थव्यवस्था की स्थिति गंभीर होकर चिंताजनक हो गई है, जिस घर का महीने का रसोई का बजट दस हजार था, वहां आज लगभग पच्चीस हजार खर्च बैठ रहा है। हर समाज में जीएसटी की मार है। जिसमें आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति पतली हो गई है। रसोई घर के सामानों में 200 से लेकर 300त्न तक की वृद्धि हो गई है। केंद्र सरकार की महंगाई के विरोध में महंगे सब्जी भाजी लेकर आम नागरिकों को कांग्रेसजनों द्वारा भेंट किया गया एवं भाजपा की केंद्र सरकार की महंगाई के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई।एक तरफ जहां महिलाओं की रसोई की बजट गड़बड़ाई हुई है। वहीं दूसरी तरफ पुरुष वर्गों का जेब पूरी तरह से हल्का हो गया है। मार्केट में पेट्रोल डीजल या अन्य कोई भी सामान लेने पर हर सामान की कीमत कई गुणा हो चुकी है, जिससे महीना का तनखा पहले ही हफ्ते खत्म होने की बात बताई जा रही है। 2014 के समय की महंगाई और 2024 के समय की महंगाई जमीन आसमान का अंतर आ गई है। आमदनी और कम होते जा रही है। महंगाई और बढ़ती जा रही हैृसब्जी बाजार में आम नागरिकों की समस्याओं से अवगत होते हुए एवं बढ़ती हुई महंगाई की विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, नगर पालिका की प्रथम महिला राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेंद साहू, वनोपज जिला अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, पार्षद अमन चंद्राकर, महामंत्री गौरव चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर एवं अन्य कांग्रेसजनों ने पूरे बाजार में घूम कर महंगाई का विरोध करते हुए नारेबाजी किया।

# राजिम कुंभ कल्प मेला में संत समागम उद्घाटन समारोह आज





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला में आज 3 मार्च शाम 4.30 बजे संत समागम का उद्घाटन होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनंत श्रीविभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, अनंत श्री विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गरियाबंद जिला के प्रभारी मंत्री श्री दयालदास बघेल करेंगे। इस अवसर पर सांसद, विधायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। वहीं शंकराचार्य स्वामी, महामंडलेश्वर सहित साधु-संतों का आशीष वचन होगा। जानकारी के अनुसार शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती दोपहर 3.45 बजे रायपुर बोरियाकला से राजिम के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 4.30 बजे राजिम पहुंचकर संत समागम का उद्घाटन करेंगे। शंकराचार्य महाराज जी 6.15 को राजिम से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कलेक्टर ने केलो नहर परियोजना का लिया जायजा

**रायगढ़, 3 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल दिलीप सिंह जूदेव वृहद सिंचाई परियोजना (केलो डैम) पहुंचे। यहां उन्होंने केलो डैम की कुल सिंचित रकबा साथ ही नहर की मैप के अवलोकन के माध्यम से लाइन डायग्राम में विभिन्न स्थानों में शेष नहर निर्माण कार्यों की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली। उन्होंने मुआवजा प्रकरण बनाने एवं नहर परियोजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिससे जिले में सिंचित रकबा में विस्तार किया जा सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने केलो डैम के मेड एवं ड्रेनेज का अवलोकन करते हुए, उनके ड्रेनेज की मरम्मत एवं सफाई कार्य के इस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डैम के फाटक के कार्यविधि एवं मेंटेनेस की जानकारी ली। साथ ही टूरिज्म की संभावना पर चर्चा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री यादव से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने डैम में स्थित रेस्ट हाऊस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताते हुए। कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिससे रेस्ट हाऊस का उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर केलो परियोजना के विभिन्न सब डिवीजन से एसडीओ श्री एस.आर.महिलाने, श्री एस.के.पाण्डेय, श्री एन.के.डाहिरे, श्री डी.डी.पटेल एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उद्यान का किया भ्रमण-** कलेक्टर श्री गोयल ने निरीक्षण के दौरान विभाग द्वारा संचालित उद्यान का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री गोयल ने उद्यान का भ्रमण कर रख-रखाव की सराहना की और उद्यान का मेंटेनेस इसी तरह बनाये रखने कहा गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पल्स पोलियो अभियान के लिए बीजादूतीर स्वयंसेवकों का रहेगा अहम योगदान



**बीजापुर, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कल 3 मार्च को पल्स पोलियों का सघन अभियान जिले में संचालित किया जायगा जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में पोलियो अभियान के लिए बीजादूतीर स्वयंसेवको ने पोलियो अभियान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में एक सुदृढ़ पहल की है, जिसका उद्देश्य है पोलियो के खिलाफ सशक्त और सुरक्षित समुदाय बनाना। बीजादूतीर स्वयंसेवक ने घर-घर गृहभेट, नारा लेखन, और हाट बाजारों में आनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को पोलियो पिलाने के महत्व के बारे में जागरूक किया है। यह पहल पोलियो रोग को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो स्वयंसेवकों के सहयोग से संभव हो रहा है। घर-घर गृहभेट के माध्यम से, स्वयंसेवक समूह ने व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुँचकर लोगों को पोलियो दवा पिलाने के लाभों के बारे में शिक्षित किया है। नारा लेखन के माध्यम से समूह ने स्थानीय आवासीय इलाकों में जागरूकता बढ़ाई है और हाट बाजारों में आनाउंसमेंट के जरिए विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किए जा रहे लाभों की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है।यह स्वयंसेवकों का सराहनीय प्रयास न केवल पोलियो रोग के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भी दिखाता है कि समुदाय के सदस्य किस प्रकार सामूहिक समर्थन और साझेदारी के माध्यम से समस्याओं का सामना कर सकते हैं।

## बैंक खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करने रविवार को खुले रहेंगे बैंक

**महासमुंद 3 मार्च।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना की समयबद्ध में क्रियान्वयन की कार्यवाही किया जा रहा है, इस योजना के तहत् पात्र 21 वर्ष से अधिक आयु के विवाहित महिला, तलाकशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपये उनके आधार से लिंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया जाना है।जिले में बैंक के माध्यम से बैंक खातों को आधार से लिंक करने हेतु एन.पी.सी.आई. सूची अनुसार 19,978 का लक्ष्य शेष है। उक्त कार्य को समय सीमा में 04 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने समस्त बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि संदर्भित कार्यवाही विवरण अनुसार अवकाश दिवस में महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक व डी.बी.टी. सक्रिय करने रविवार 03 मार्च 2024 को जिले के सभी ब्रांच केवल महतारी वंदन योजना के कियान्वयन हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखे बैंकर्स उक्त दिवस को बैंक में कितनी महिलाये आयी, कितनी महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक किया गया कि जानकारी देवे। उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है।

बधाई



## रायगढ़ लोकसभा से राधेश्याम राठिया बने भाजपा प्रत्याशी... बधाई का लगा तांता

**खरसिया।** रायगढ़ लोकसभा से भाजपा ने राधेश्याम राठिया को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं राधेश्याम राठिया को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर खरसिया भाजपा नेता शशिकांत राठौर, जयप्रकाश डनसेना एवं रविन्द्र गबेल ने राठिया को उनके गृह ग्राम छर्राटागर (घरघोडा) पहुंच कर उनके निवास स्थान पर जीत की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं दी।

## दसवीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू

**बीजापुर, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 1 मार्च से राज्य में दसवी और बारहवी बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही है । कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने परीक्षा के लिए सभी विद्यार्थियो को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूरे साल भर मेहनत किए हो और उसका परिणाम भी अच्छे आएंगे । इसी विषय को माननीय प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम में भी विद्यार्थियों को टिप्स दिए है कि किस तरीके से अपना परीक्षा में प्रश्न हल करना है बिना किसी मानसिक दबाव के बिना किसी भय के जिससे वह अपना बेहतर प्रदर्शन कर सके। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा यह कोई अंतिम परीक्षा नही है इसमें आप प्रयास करे अच्छे से अच्छा अंक आये और आपने मेहनत कि है तो जरुर अंक आयेंगे। लेकिन यदि कोई कमी दिखती है तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है पुनः आपको और अच्छे अवसर मिलेगें इसलिए बिना किसी मानसिक दबाव के प्रसन्न होकर परीक्षा दे जिससे आपको बेहतर परिणाम मिल सके। इसके साथ ही परिजनों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को इस परीक्षा के लिए तैयार रखे उन्हें अनावश्यक दबाव में न लाये। उन्हें परीक्षा के अनुकूल वातावरण देने में सहयोग करें।



# ओपी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा के लिए मिली 1.05 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति

**रायगढ़, 3 मार्च।** रायगढ़ विधायक एवं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 05 लाख रूपए के 15 विकास कार्यों की मंजूरी दी गई है। वित्तमंत्री ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव की सूची स्वीकृति हेतु भेजी थी। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रस्ताव पर श्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 5 लाख रूपए के 15 विकास कार्य स्वीकृत किया गया है। रायगढ़ के ग्राम पंचायत कोयलंगा में बालक राम साहू के घर के पास से चौहान मोहल्ला रोड तक 2.50 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सुकुलभठली में घनसुन्दर घर से चौकीदार घर तक 10 लाख रूपए की लागत से, विकास घर से मुख्य मार्ग की ओर 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नवापाली में शनि मंदिर गबेत शरण घर से गौतम मांझी के घर तक 8.70 लाख रूपए, ग्राम पंचायत आमापाली में मौहापाली बीच बस्ती में 4 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कांदागढ़ में बजरंग बली मंदिर से मुक्ति धाम तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नावापारा में चंद्रहास यादव घर से किशोर के घर तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कोड़ातराई में रामनगर कोड़ातराई तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत ओडेकेला मे गुरूडीपा में 7.80 लाख रूपए, ग्राम पंचायत उमरिया में गौडियापारा पुरानी बस्ती आनंद प्रधान घर से उदयभोग घर तक 5 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत कोतासुरा में सारथी घर से नंदेली रोड तक 2.60 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अर्मुरा में सारथी मोहल्ला से मेन रोड तक 2.60 लाख रूपएए ग्राम पंचायत सुखापाली में समारू घर से सुखापाली रोड तक 7.80 लाख रूपएए ग्राम पंचायत बोरिदा में बस्ती से मुक्ति धाम तक 9 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत नदीगांव में नया मोहल्ला में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।



## कक्षा 10 वीं हिन्दी विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक हुई

**रायगढ़, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वार्षिक बोर्ड परीक्षा की आज हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10 वीं की विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संचालित हुई। आज 02 मार्च की परीक्षा में रायगढ़ जिले से 13121 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 12645 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 476 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा कंट्रोल रूम नोडल श्री भुवनेश्वर पटेल एपीसी समग्र शिक्षा ने जानकारी दी कि जिले में हाई स्कूल परीक्षा के लिए 117 परीक्षा केंद्र एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के लिये 108 परीक्षा केंद्र बनाये गये है।

## बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने गारमेंट फैक्ट्री व सेंट्रल लाईब्रेरी का किया एक्सपोजर विजिट, गांव स्तर में करेंगे प्रचार प्रसार



**बीजापुर, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त संचालित बीजादूतीर कार्यक्रम से जुड़ कर कार्य कर रहे सक्रिय स्वयंसेवकों एवं बेरोजगार युवक व युवतियों को स्व रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से गारमेंट फेक्ट्री का भ्रमण कराया गया। एवं स्वयंसेवकों को प्रतियोगिता परीक्षा की पूर्व तैयारी संबंधित विस्तृत जानकारी देनें हेतु सेंट्रल लाईब्रेरी का एक्सपोजर विजिट कराया गया बीजादूतीर के स्वयंसेवकों द्वारा अपने गांव में युवा युवतियों को गारमेंट्स फैक्ट्री में कार्य करने व स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयास में बीजादूतीर वॉलिंटियर्स सक्रिय रूप से अपने ग्रामीण समुदाय स्तर पर समुदाय के लोगों व युवाओं को जागरूक करेंगे और गारमेंट्स फैक्ट्री में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार की ओर लेकर आने के लिए एक प्रयास किया जा रहा है.।

भ्रमण के दौरान विकासखंड भैरमगढ़, उसूर ,भोपालपटनम और बीजापुर के उपस्थित स्वयंसेवकों ने गारमेंट्स फैक्ट्री की विस्तृत जानकारी लिया और जाना कि किस प्रकार गांव के युवा स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं साथ ही गांव के युवाओं को पढ़ाई के क्षेत्र में किस प्रकार आगे लेकर आए और इसकी समझ बनाएं ताकि गांव के युवा भी प्रतियोगिता परीक्षा में अपनी परीक्षा से पूर्व तैयारी सेंट्रल लाइब्रेरी में आकर पढ़कर निशुल्क रूप से शिक्षा का लाभ लें सके और आगे की पढ़ाई नियमित कर सके और अपने स्वयं से रोजगार में सक्षम बन सके इसी प्रयास से उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने प्रचार प्रसार का दायित्व लिया।एक्सपोजर विजिट के दौरान जिला समन्वयक श्री अशोक पांडेय , सु श्री लेखिका साहू एवं ब्लॉक समन्वयक एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# नम आंखों से दी गई तिरूपति कटला को अंतिम विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 3 मार्च।** तोयनार के.जनपद सदस्य व बी जे पी नेता तिरूपति कटला की शुक्रवार की रात जब वे एक शादी समारोह मे शामिल हो कर तोयनार से वापस. लौट रहे थे इसी दरमियान नकसलियों के स्माल टीम ने उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया इस हमले में तिरूपति कटला की मौत हो गई घटना की जैसे ही परिजनों को खबर मिली परिवार में कोहराम मच गया घटना के बाद तिरूपति कटला का शव जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण पश्चात तिरूपति कटला को मृत घोषित किया गया बतादे तिरूपति कटला भाजपा के वरिष्ठ और सक्रिय नेता के अलावा व्यवहार कुशल नेक दिल इंसान थे वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है दुख की इस घड़ी में हर वर्ग के लोगों ने उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी है वनमंत्री केदार कश्यप



पूर्व मंत्री महेश गागडा सहित तमाम नेताओं ने घटना पर दुख जताते भावभीनी श्रद्धांजलि दी है तथा परिजनों को सात्वंना व्यक्त की शनिवार को दोपहर स्थानीय शमशान घाट में अंतिम विदाई दी गई इस मौके पर बीजापुर सहित आसपास के सभी कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक परिजन मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी भी अंतिम संस्कार मे शामिल रहे उन्होंने ने भी परिवार के प्रति संवेदना प्रगट कर हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## विश्वकर्मा योजना का लाभ जरूरतमंदों को दिलाने की मुहिम शुरू

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिला स्तरीय बैठक आज दोपहर प्रारंभ हुई, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर जिलेभर से आये पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर इसे जमीनी स्तर पर जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने का आव्हान किया गया।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह योजना परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान कर विश्वकर्मा योजना का लाभ उन्हें दिलाना है। इस योजना के तहत उपलब्ध पैतृक एवं परम्परागत कौशल को आधुनिक तकनीकी से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, जिससे कारीगरों की योग्यता, क्षमता और उत्पादन बढ़ाने के लिये आधुनिक औजार और टूलकीट प्रदान करना है। उन परंपरागत करीगरों को मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर 18 आसान किश्तों में अदायगी करना है, इसमें पंजीकरण आवश्यक है तथा ऋण सहायता 1.1 लाख रू. पहले 18 महीनों के लिये उसके पश्चात 2.2 लाख रूपये 30 माह के लिये दिया जा रहा है। इस योजना के तहत लाभार्थी की आयु कम से कम 18 वर्ष हो तथा इस योजना में उन 18 किस्मों के परंपरागत कारीगरों को लाभ मिलेगा।

एक नजर

## बच्चों को पिलाई गई पोलिया की खुराक

**छुरा, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य में 3 से 5 मार्च तक पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के पहले दिन बूथ के माध्यम से तथा दूसरे और तीसरे दिन घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वी.आर. भगत ने बताया कि अभियान के लिए वैक्सीन तथा अन्य आवश्यक सामग्री जिलों में उपलब्ध कराई गई। प्रदेश में इस वर्ष 14 हजार से अधिक बूथ के माध्यम से कुल 36 लाख 13 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेला स्थल, हाट बाजार और ईंट भट्ठों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया।

## विक्षिप्त महिला से अनाचार का आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में महिला संबंधी अपराध में अंकुश लगाने गिरफ्तार किया गया है। विवरण: इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा आज दिनांक 2 मार्च को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी 1 मार्च को आरोपी अभय राम यदु सुबह मानसिक रुप से विक्षिप्त युवती को अंदर ले जाकर शरीरिक संबंध बनाया है, प्रार्थी के लिखित आवेदन पर आरोपी के विरुद्ध थाना तिल्दा मे अप.क्र.122/24 धारा:- 376(2)(ढ) भा.द.वि. अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना के आरोपी अभयराम यदु का पतातलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया जिन्हें न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

## चोरों से सावधान रहने की अपील

**बलौदाबाजार, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सभी फ्लैट/मकान मालिकों को हाई अलर्ट, सुरक्षा अलर्ट, सुरक्षित रहने का प्रयास करें! चोरों द्वारा उपयोग की जाने वाली नवीनतम चोरी तकनीक। वे घर-घर झूठ बोलते हैं। वे गृह मंत्रालय की मुहर और लेटरहेड रखते हैं और यह सुनिश्चित करने का दावा करते हैं कि सभी के पास जनगणना के लिए वैध पहचान पत्र हैं। कृपया इस जानकारी को अपने आस-पड़ोस, समूहों, परिवारों सभी के साथ साझा करें। प्रचार कीजिये। वे हर जगह घूमते हैं और वे वे आपके घर आएंगे और कहेंगे कि मैं भारत सरकार की आयुष्मान योजना से हूं और आपकी फोटो/फिंगरप्रिंट लेना चाहता हूं। उनके पास सरकारी अधिकारियों की तरह लैपटॉप, बायोमेट्रिक्स मशीनें और सभी नामों की डेटा सूचियां हैं। वे आपको सभी डेटा सूची के नाम दिखाएंगे और अधिक जानकारी मांगेंगे।

ये सब एक घोटाला है. उनसे कोई भी जानकारी साझा न करें. अपने परिवार के सदस्यों और अपने घर और समुदाय के बुजुर्गों से कहें कि वे आईडी दिखाने पर भी उन्हें अपने घर में प्रवेश न करने दें। यदि कोई व्यक्ति आपके घर आता है तो नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

# अनुशासन से ही सफलता मिलती है : डॉ राजेश दुबे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 3 मार्च।** डॉ राधा बाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में सत्र 2022-23 के प्रवीण्य एवं मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार दुबे, प्राचार्य शहीद राजीव पांडेय शासकीय नवीन महाविद्यालय भाठागांव रायपुर छत्तीसगढ़ थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार जोशी ने किया।पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन से ही सफलता मिलती है।स्वयं को मजबूत बनाएं, मेहनत और लगन से प्रगति के नये सोपान गढ़े।यह कड़वा सच है कि समाज ने हमेशा महिलाओं को दूसरे क्रम में ही स्थान दिया है।इसे तोड़ने की आवश्यकता है, महिलाएं विपरीत परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ती है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ विनोद कुमार जोशी ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अलावा रोजगार मूलक कम्प्यूटर की शिक्षा दी जा रही है।साथ ही एनसीसी, एनएसएस तथा रेड रिबन क्लब, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास से संबंधित गतिविधियां भी नियमित रूप से संचालित होता है। महाविद्यालय की नेक मूल्यांकन में ब++ प्राप्त हुआ है।साथ ही छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण प्रस्तावित है।महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर सेमिनार, कार्यशाला एवं व्याख्यान आयोजित किया जाता है। ऐसा विश्वास दिलाते हैं कि सभी प्राध्यापकों के अथक प्रयास से भविष्य में भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस अवसर पर भोजेश्वरी, काजल साहू, दीपशिखा निषाद, सुप्रिया बांधे, वीना, ऐश्वर्य देवांगन, आर्या मिश्रा, ज्योति साहू, रिया साहू, मनीषा सपहा, किरण निर्मलकर, शचि अग्रवाल, तृष्णा सोनकर, काजल वर्मा, अर्चना यादव, खिलेश्वरी सोनवानी, मौसमी, युक्ति साहू, प्राची सोनी, सपना यादव, चारु स्मिता साहू, मेघा बंजारे, बरखा साहू, सुरुचि साहू, शिवानी पूंजी, एवं रितु खोपे को प्रमाण पत्र के साथ ही साथ अलग-अलग क्षेत्र में नगद पुरस्कार दिया गया है। इस प्रकार से दिये जाने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की प्रशंसा करते हुए, मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार दुबे ने आगामी वर्ष से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी साहित्य में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को दस-दस हजार रुपए दिए जाने की घोषणा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आइक्यूएसी प्रभारी डॉ दीप्ति झा एवं डॉ निधि गुप्ता ने किया।संगीत विभाग के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ श्रद्धा मिश्रा ने सफल आयोजन हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त समारोह में महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कोहंगाटोला में भाजपा जिलाध्यक्ष ने नवजात कृति को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

# नौनिहालों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 3 मार्च।** राष्ट्रीय सघन राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ ग्राम कोहंगाटोला में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू के द्वारा नवजात शिशु कृति को दो बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। इस अभियान के तहत् प्रथम दिवस दिनांक 3 मार्च को बुथ स्तर पर शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी एवं द्वितीय व तृतीय दिवस 4 एवं 5 मार्च को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी।

इस अवसर पर जनपद सदस्य शारदा सिन्हा, सरपंच हेमीन साहू, पिछड़ा वर्ग सदस्य खिलेश्वरी साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला मीडिया अधिकारी रमेश कुमार सोनबोईर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू सेक्टर सुपरवाईजर पी. सिन्हा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हेम कुमार साहू, कु. रीता महेश्वरी, समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल. उइके के मार्गदर्शन में ''दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार'' थीम के आधार पर जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन 3 से 5 मार्च तक किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस दिनांक 3 मार्च दिन रविवार को बुथ स्तर पर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। द्वितीय व तृतीय दिवस दिनांक 04 एवं 05 मार्च को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-उचयघर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। मार्च 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश प्रमाणीकरण किया जा चुका है। लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फिर लौट सकता है। बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसीलिए पल्स पोलियो दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला बालोद अन्तर्गत शून्य से पाँच वर्ष के आयु के अनुमानित 78388 बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि विकासखण्डवार बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत विकासखण्ड बालोद में 12296, डौंडी में 15253, डौंडी लोहारा में 18959, गुण्डरदेही में 19500 एवं विकासखण्ड गुरूर में 12380 बच्चों को पोलियो वैक्सीन से प्रतिरक्षित किया जावेगा। इस प्रकार कुल 78388 बच्चों को 743 बूथ एवं 2531 स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं अन्य सहयोगी द्वारा पोलियो की दवा पिलाया जायेगा।

जिले में 96 सेक्टर बनाये गये हैं। सेक्टर स्तर पर चिकित्सा अधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया गया है। ट्रांजिट स्थल बस स्टैण्ड और मुख्य चैराहा पर 67 सदस्यीय टीम तथा मेला एवं बाजार स्थल पर 206 सदस्यीय टीम इसी प्रकार ईंट भट्ठा, निर्माणाधीन क्षेत्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में 76 सदस्यीय मोबाईल टीम लगाई गई है। विकासखण्ड स्तर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं प्रत्येक विकासखण्ड के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी बनाये गये है विकासखण्ड बालोद के लिए डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी, विकासखण्ड डौण्डी के लिए डॉ. पी.एल. मेरिया, जिला मलेरिया अधिकारी, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के लिए अखिलेश शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड गुण्डरदेही के लिए डॉ. अरविंद मिश्रा, जिला सलाहकार, विकासखण्ड गुरूर के लिए रविकान्त साहू, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर को बनाए गए हैं।

न्योता भोज



**तिल्दा-नेवरा, 3 मार्च।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल नेवरा में न्यौता भोज का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ के शासन के मन्त्री टकराम वर्मा अनिल अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे प्राचार्य दुष्यंत सोनी ने स्कूल परिवार की ओर से मंत्री का सम्मान किया साथ ही प्राचार्य की माताजी का भी मंत्री द्वारा अभिनंदन किया गया।

# 7 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा ग्राम लालपुर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 6.840 बल्क लीटर, देशी प्लेन शराब कीमती 3040/रूपयें को जप्त किया गया। ''अभियान सृजन'' के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निदेशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश यादव अनुविभागीय अधिकारी निधी नाग के मार्गदशन एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अमित तिवारी चौकी प्रभारी करहीबाजार नवीन शुक्ला के कुशल निदेर्शन में पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज 2 मार्च को पुलिस चौकी करहीबाजार प्रभारी नवीन शुक्ला प्र.आर. संतोष ध्रुव, आर. प्रकाश सिंह, टिकेश्वर गायकवाड़ द्वारा ग्राम लालपुर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से 6.840 बल्क लीटर देशी मसाला शराब कीमती 3040रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 160/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

समाचार संक्षेप

## कृषि पंप उपभोक्ताओं से अपने कनेक्शन में कैपेसीटर लगाने की अपील

**भाटापारा, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि पंप उपभोक्ता अपने कनेक्शनों में कैपेसिटर अनिवार्य रूप से लगाकर कंपनी को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। डी.ई.एन.के सोनी ने बताया। रबी फसल में सिंचाई हेतु अत्यधिक पानी की आवश्यकता हेतु कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों की बहुतायत है। आप सभी की जानकारी में लाया जाना आवश्यक है कि सभी विद्युत पंपों में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नहीं लगाए जाने से वोल्टेज ड्रॉप होता है तथा मोटर अधिक करेंट लेती है, जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है एवम जलने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ पंपों से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है, कई वितरण ट्रांसफार्मर से 11 केवी लाइनों पर, फिर 33/11के वी उपकेंद्रों पर तथा 33के वी लाइनों तथा इस प्रकार पूरे ट्रांसमीशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है तथा अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इस स्तिथि में न सिर्फ विद्युत कंपनी बल्कि सभी कृषक भाइयों, राज्य तथा राष्ट्र को क्षति होती है। यह स्तिथि वर्तमान में आपके समक्ष उपस्थित है। इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है जैसे नए उपकेंद्र की स्थापना, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफ़ॉर्मरों की क्षमता वृद्धि, सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। लेकिन आपके सहयोग के बिना स्तिथि को सुधार पाना संभव नहीं है। आप से अपील एवम अनुरोध है कि प्रत्येक सम्माननीय कृषक अपने पंप/ट्यूबवेल कनेक्शन में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाकर न सिर्फ कम्पनी को सहयोग प्रदान करें बल्कि राज्य एवम राष्ट्र हित में सहयोगी बने। आपकी सुविधा हेतु आवश्यक कैपेसिटर की क्षमता नीचे प्रर्दशित है।

## विकासखंड स्तरीय पशु मेला में शामिल हुए विधायक



**भाटापारा, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम खैरा, विकासखंड भाटापारा में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी / पशु मेला का आयोजन 01.03.2024 को किया गया। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय इंद्र कुमार साव जी विधायक भाटापारा विधानसभा तथा अध्यक्षता श्रीमति ऊषा ध्रुव सरपंच खैरा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उक्त पशु मेला में ग्राम कोसमंदा, बकुलाही, धुर्राबांधा, गुड़ेलिया, मोपका एवं खैरा के 84 पशुपालकों द्वारा कुल 98 पशुओं का मेला स्थल पर प्रदर्शन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि साव द्वारा अपने उद्बोधन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान में पहुचाने के लिये पशुपालकों से सहयोग की अपील किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित व्यक्तिमूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लेने हेतु प्रेरित किया गया। प्रदर्शनी में लाये गये पशुओं में से उत्कृष्ट पशुओं का विभिन्न नौ वर्गों में चयन जिला स्तर से गठित समिति द्वारा किया गया। उक्त सभी पशुपालकों को प्रथम द्वितीय तृतीय तथा सांत्वना पुरुस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव द्वारा एवं मंचस्थ अतिथियों के करकमलों द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप संचालक डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. एस. एन. अग्रवाल, डॉ. उपेन्द्र रात्रे, डॉ. वंदना रात्रे तथा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण सोनवानी एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. पवन कुर्रे, डॉ. निर्मल चेलक, डॉ. प्रमोद पैकरा, डॉ. संतोष पुरैना, डॉ. शोभित, डॉ. श्वेता, डॉ. अंजुला, डॉ. रूपेश बघेल एवं समस्त विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डॉ. वंदना रात्रे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## टीबी मरीजों को आहार सहयोग करने की अपील



**बालोद, 3 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 1 मार्च को जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिलें के टीबी मरीजों के पो-ुनवजयाण आहार सहयोग हेतु निक्षय मित्र (निक्षय मित्र-उचयउपचाररत टीबी मरीज को उपचार पूर्ण होने तक अधिकतम 06 महीने तक पो-ुनवजयाण आहार प्रदान करना) बनने संबंध में आम नागरिक एवं अधिकारीध्कर्मचारियों से अपील की गई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक के नेतृत्व में जिला खनिज विभाग के द्वारा आयोजित बैठक में सम्मिलित 17 खनिज व्यवसायी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीज का सहयोग करने हेतु सहमति प्रदान की है। जिस दौरान कार्यालय कलेक्ट्रेट से जिला खनिज अधिकारी श्रीमति मीनाक्षी साहू के द्वारा एक टीबी मरीज को एवं स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके द्वारा एक टीबी मरीज को पो-ुनवजयाण आहार बॉस्केट दिया गया। निक्षय मित्र के द्वारा खाने वाला तेल, फल्लीदाना, चना, दुग्ध पाउडर, सोयाबड़ी, गुड़, मिश्रित दाल आदि सामग्री टी.बी. मरीजों को 06 माह तक दिया जावेगा। आम नागरिकों से भी अपील किया गया है, कि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों का सहयोग करें, ताकि जिला बालोद को 2025 में टीबी मुक्त किया जा सके।

### मानस परायण महायज्ञ में राम कथा का दूसरा दिन

# माता-पिता और गुरु की कठोर बातें भी सुख के लिए : अनूप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 3 मार्च।** मानस परायण महायज्ञ में राम कथा के दूसरे दिन शिव पार्वती विवाह कथा में व्यास पीठ से अनूप जी महराज ने कहा कि कठोर तपस्या से भगवान को पिघलना पड़ता है।साधारण लोग अपने प्रियजन के वियोग में पूजा पाठ छोड़ देते हैं भक्तों को सीखना चाहिए भोलेनाथ से कि जब सबसे प्रिय से वियोग या पीड़ा हो तो अपने ईष्ट को नहीं छोड़ना चाहिए संसार में जब किसी के पास ऐसा दुख आता है जिसका समाधान उसके बस में नहीं होता तो उसको हल करने स्वयं उसका भगवान आते है भगवान भोलेनाथ का दुख दूर करने भगवान श्रीराम स्वयं आए और सती वियोग से उबारने उन्हें पार्वती विवाह करने के लिए मनाने आये।भगवान सदा भक्त के साथ चलते हैं और जब भक्त पर दुख पीड़ा कष्ट रोग आता है तब वह भक्त को स्वयं गोद में उठाकर रखते हैं संबल देते है संसार में तीन लोग जिसे भगवान का दर्जा दिया जाता वे ही अपने बच्चों के उन्नति देखकर प्रसन्न होता है संसार में इनके सिवा और कोई नहीं जो दूसरे की उन्नति देख प्रश्न हो। माता पिता और गुरु की कठोर बातें भी हमेशा सुख देती है संसारी जब भी विपत्ति में रहे केवल दो बाते मन में रखिए पहला जो कुछ हो रहा है वह भगवान जानता है उसे पता है और दूसरा जो हो रहा है अच्छे के लिए हो रहा है क्योंकि मेरा ईश्वर कर रहा है।भक्त के लिए एक सूत्र है कि क्रोध में किसी प्रकार अनीति नहीं करनी चाहिए कामदेव ने भगवान शंकर को अपनी कई विफ्लताओं के कारण अंत में क्रोध में आकर पांच बाण उनके हृदय जहाँ राम बसते हैं वहाँ वार कर दिए। भगवान शंकर ने उसके क्रोध को भस्म किये।

## आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 3 मार्च।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर के एल चैहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 1 मार्च 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में रामेश्वर पिता दलराम, निवासी ग्राम कोनारी, तहसील पलारी एवं नूतन वर्मा पिता कल्याण वर्मा, निवासी ग्राम डोंगरा, तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली गिरने एवं तालाब के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## एक नजर

### 5 मार्च की चुनावी आमसभा स्थगित

**रायपुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर के अध्यक्ष माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी की माता जी का आकस्मिक निधन होने के कारण दिनांक 5 मार्च 2024 को निर्धारित चुनावी आम सभा स्थगित किया गया है । आगामी चुनावी आमसभा दिनांक 20 मार्च 2024 दिन बुधवार को माननीय श्री बृज मोहन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में दोपहर 3:00 बजे से आयोजित है ।

### छात्रावास अधीक्षक के 300 पदों के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से छात्रावास अधीक्षक पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। 300 पदों के लिए होने वाली भर्ती के लिए अभ्यर्थी 31 मार्च तक आनलाइन आवेदन कर सकते त्रुटि सुधार एक से तीन अप्रैल तक आनलाइन माध्यम से ही होगा। व्यापमं की तरफसे भर्ती परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। छात्रावास अधीक्षक पदों में भर्ती के लिए पिछले वर्ष अक्टूबर में विज्ञापन जारी हुआ था। व्यापमं की ओर से अभी परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई है। अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता रहेगी। इसके बाद व्यापमं इंजीनियरिंग, फार्मेसी, बीएड समेत अन्य प्रवेश परीक्षाएं लेगा। इस वजह से भर्ती परीक्षा में देरी होगी। संभवत. छात्रावास अधीक्षक की भर्ती परीक्षा जुलाई में आयोजित की जा सकती है। छात्रावास अधीक्षक के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास है। इसलिए माना जा रहा है कि 300 पदों के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन मिलेंगे। आनालाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर जाकर देख सकते हैं। भर्ती परीक्षा में पूछेंगे 100 प्रश्न छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी इसके तहत भाग-अ में कंप्यूटर संबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित 30 अंकों के 30 प्रश्न पूछे जाएंगे।

### कैट के प्रदेश कार्यकारी महामंत्री भरत जैन को पितृशोक

**रायपुर, 3 मार्च।** कैट के प्रदेश कार्यकारी महामंत्री भरत जैन ने बताया कि विरंची नारायण मंदिर के पास ब्रम्हपुरी निवासी फत्तेलाल भोरावत (जैन)



(उम्र - 98 वर्ष ) का आज निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। फत्तेलाल भोरावत (जैन) समाज के वरिष्ठ सदस्य थें। और वे बंशीलाल जैन एवं भरत जैन के पिताजी तथा हर्षवर्धन जैन एवं प्रिंस जैन के दादाजी थे। भरत जैन भारतीय जनता पार्टी बूथ अध्यक्ष एवं पूर्व जिला कार्यकरिणी सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारी महामंत्री कैट तथा ट्रस्टी श्री दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय रोड, और रायपुर सराफा एसोसिएशन के प्रमुख सलाहकार है।




# किसने दस्तक दी, दिल पे, ये कौन है आप तो अन्दर हैं, फिर बाहर कौन है

अंतरात्मा इस शब्द की गूंज काफी सुनाई दी,राज्य सभा चुनाव के दौरान सुबह से नतीजे आने तक इसकी चर्चा होती रही।उप्र में सपा और हिमाचल में कॉंग्रेसी विधायकों द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को लेकर भाजपा नेताअंतरात्मा की आवाज, राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के विरोध से भाजपा के पक्ष में मतदान से जोड़ रहे हैंज़?जबकि पर्दे के पीछे क्या हुआ यह किसी से छिपा नहीं हैज़!आम बोलचाल की भाषा में भी लोग कहते हैं कि अंतरात्मा कीआवाज सुन लो..? अंतरात्मा का मतलब यह समझा जाता है कि आप अपनी आत्मा की आवाज सुनकर वोट दें,चाहे कोई भी पार्टी याउम्मीदवार हो ! इसका मतलब है कि आप सिर्फ अपने नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर वोट दें।मतदाता के अंतरात्मा की बात हुई लेकिन नेताओं के लिए इस अंतरात्मा के अलग-अलग मायने हैं।जब उनके वोट करने की बारी आती है तो इसके अलग मायने होते हैं।उदाहरण के तौर पर यूपी में सपा के कुछ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की,उनकीओर से यह बयान आया कि वह पार्टी से नाराज नहीं,लेकिन अंतरात्मा की आवाज से वोट दिया।राजनीति में इस शब्द की पहली बार गूंज तब सुनाई दी,ज़ब इसका प्रयोग इंदिरा गांधी ने किया था।लंबा वक्त बीत जाने के बाद एक बार फिर इसशब्द की गूंज काफी सुनाई दी।जब इंदिरा ने अंतरात्मा की आवाज पर वोट देने की अपील की।एक वक्त ऐसा भी आया,तब पीएम इंदिरा गांधी ने अपनी ही पार्टी के घोषित प्रत्याशी के खिलाफअपना राष्ट्रपति प्रत्याशी दे दिया था।1969 में ज़ब,तब राष्ट्रपति डॉ.जाकिर हुसैनके निधन के बाद,इंदिरा गांधी ने संसदीय दल की बैठक में एन.संजीव रेड्डी को प्रत्याशी घोषित किया ,लेकिन इंदिरा वीवी गिरि को समर्थन देना चाहती थीं। वीवी गिरि को पर्चा भरने के लिए तैयार किया,खुद उनकी प्रस्तावक बनकर यह संदेश दिया कि वह वीवी गिरि के पक्ष में ही मतदान चाहती हैं।एमपी ?मएलए सेअंतरात्मा की आवाज पर वोट देने की अपील की।परिणाम आया, वी.वी.गिरी ने नीलम संजीव रेड्डी को हराया भी था।

### 2 महीने में 13 हजार करोड़ का कर्ज बनाम 5 साल में 50 हजार करोड़...

छत्तीसगढ़ कभी भूपेश सरकार पर कर्ज लेने के मामले में भाजपा निशाना बनाती थी,अब कांग्रेस, विष्णुदेव सरकार को 2 माह के कार्यकाल में13 हजार करोड़ के कर्ज लेने पर सवाल उठा रही है।प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लिए गए कर्ज पर विपक्ष ने गंभीर सवाल खड़े किये हैं, पूछा है कि भाजपा,छग को कहां लेकर जाना चाहती है? पूर्व मंत्री खरसिया से कांग्रेस के विधायक उमेश पटेल ने कहा है कि हमारी सरकार ने पिछले 5 साल में 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया। उस समय कोरोना काल भी आया,प्रतिवर्ष हमने 8 हजार करोड़ का औसत कर्ज लिया।लेकिन भाजपा कि विष्णु सरकार को मात्र 2 महीने हुए हैं।अब तक 13 हजार करोड़ कर्ज लिया जा चुका है। साल के अंत तक 20 हजार करोड़ का कर्ज हो जाएगा।राज्य सरकार के कर्ज लेने पर वित्तमंत्री पूर्व आईएएस ओपी चौधरी का जवाब भी आया..हमने13 हजार करोड़ का कर्ज लिया है युवा,महिला,किसान ग्रामीणों के लिये कर्ज लिया है,हम कर्ज कांग्रेस सरकार की तरह नहीं ले रहे हैं,पूर्व सरकार तो दिल्ली की एटीएम थी,कांग्रेस सरकार में हर जगह माफिया राज था।

### एक पूर्व आईएएस अफसर ऐसा भी...

अब एक सेवानिवृत आईएएस की चर्चा करना भी जरुरी है,सरकारी पद सम्हालने के दौरान महात्मा गाँधी की प्रतिमा स्थापना, ऑफिस में बापू का भजन अनिवार्य करने को लेकर चर्चा में रहे गणेश शंकर मिश्रा,शराब बेचने के विभाग के मुखिया रहेज पर शराब दुकानें बंद कराने की मुहिम भी चलाते रहे, जनसम्पर्क मुखिया के पद में रहते हुए छग की देवी मंदिरों का सरकारी




कैलेंडर आज भी चर्चा में है।सेवा निवृत होने के बाद हिन्दुराष्ट्र समर्थक भाजपा के सदस्य बने,पर सक्रिय राजनीति में उन्हें उतारने में भाजपा का राज्य स्तरीय नेतृत्व क्यों तैयार नहीं हुआ?जबकि उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सकता था ? इधर मिश्राजीकभी ब्राह्मण,कभी सवर्णों तथाअन्य समाज के लोगों को छग में संगठित करने लगे रहते हैं।हाल ही में रायपुर से लगे धरसीवां के ग्राम मुरा में विशाल हिंदू राष्ट्र धर्मसभा का आयोजन किया।जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पुरीपीठ के शँकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती सेआशीर्वाद लिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखन लाल मिश्रा की पुण्य भूमि ग्राम मुरा में हुए इस आयोजन के सूत्रधार गणेश



शंकर मिश्रा न सिर्फधर्म से जुड़े कामों को लेकर क्षेत्र में सक्रिय हैं,बल्कि चुनाव से पहले सामाजिक कुरीति के रूप में प्रचलित शराब को बंद करने को लेकर भी मुहिम चला रहे हैं,शराब बंदी बड़ा मुद्दा तो बना ही था बहुत से गांव में शराब बिकना पूरी तरह से बंद भी हो गया है।

### आईएएस, आईपीएस या गिरोहबंदी...?

छत्तीसगढ़ में मुख्य सचिव रहे विवेक ढांड शायद पहले आईएएस होंगे जिनके घर कभी भी छापा मारा जाता है,हाल ही में कांग्रेस की सरकार के समय हुए शराब घोटाला को लेकर एसीबी ने छापा मारा,पहले भी उनके घर छापा मारा गया था ज़? दूसरे रिटायर आईएएस अनिल टुटेजा के घर भी पहले नान घोटाले फिर अभी शराब घोटाला में एसीबी ने छापा मारा,पहले ईडी भी छापा मार चुकी है,गिरफ्तारी से बचने तो वे सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं।आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में आईपीएस तथा पूर्व एडीजी गुरविंदर पाल सिंह पहले निलंबित किये गये,बाद में उनकी अनि वार्य सेवानिवृति हो चुकी है, आईपीएस पूर्व एडीजी मुकेश गुप्ता कुछ मामलों में अभी जाँच का



सामना कर रहे हैं,हालांकि सेवा निवृत हो चुके हैं,उनकी पेंशनशुरू नहीं हो सकी है।कोयला मामले में आईएएस रानू साहू,समीर विश्नोईऔर प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया अभी जेल में है तो कुछ आईपीएस ईडी की जाँच के दायरे में हैं, कुछ अफसर पीएससी मामले को लेकर सीबीआई की जाँच का सामना करेंगे।सीबीआई को एक मामले में रिश्वत की पेशकश करनेवाले आईएएस बाबूलाल अग्रवाल सेवा से बर्खास्त हैं,इस मामले में भूमिका निभानेवाले एक मिडियामैन अभी भी सक्रिय हैं।कुछ कांग्रेसी विधायक तथा कुछ नेता भी जाँच के दायरे में हैं।

### और अब बस...

- » महादेव सट्टा मामले में चर्चा में रहे किस एसपी का जिला अभी भी सलामत हैं,उसे कौन बचा रहा है?
- » किस एसपी को विस चुनाव में आयोग ने हटाया था,वो नई सरकार में फिर एसपी बनने में सफल रहे?

# अधिवक्ताओं की भी जमीन सुरक्षित नहीं!

## गुपचुप तरीके से बेच दी अधिवक्ता संघ की जमीन, सदस्यों ने अध्यक्ष से की शिकायत

**रायपुर, 3 मार्च।** राजधानी रायपुर में बेंद्री ग्राम में रायपुर जिले अधिवक्ता संघ की जमीन को बिना जानकारी के बेचने का मामला सामने आया है. इस संबंध में अधिवक्ताओं ने रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी से की है। शिकायतकर्ता अधिवक्ता सुलतान अहमद निजामिन ने बताया कि 2013 में अधिवक्ता संघ ने 64 लाख की जमीन खरीदी थी. आज 9 साल बाद उसे 45 लाख में विक्रय करना बता रहे है. एक तरफसभी जगह जमीन के दाम बढ़ रहे हैं, और दूसरी ओर जमीन की कीमत कम कर दी गई है. यही नहीं बिक्री की सहमति भी नहीं ली गई है. इस संबंध में अध्यक्ष से मैंने शिकायत की है.

अधिवक्ता विजय राठौर ने बताया की पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने अधिवक्ता आवास संघ बनाया था,



उसके लिए 800 सदस्यों ने 10,000 हजार रुपए देकर आवेदन किया था. अब सदस्यों को बगैर बताएं जमीन को रजिस्ट्री के लिए पेश कर दिया है, जिसके खिलाफहमने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है. इसके साथ दांडिक कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है.

अधिवक्ता संस्कार जैन ने बताया कि रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के लगभग 3500 से 4000 सदस्य हैं. कल्याण योजना के तहत प्लॉट लेने के लिए संस्था का 2013-14 में गठन किया गया था. 800 अधिवक्ताओं से 10,000 रुपए सदस्यता शुल्क प्लॉट आबंटन के लिए लिया था. इससे ग्राम बेंद्री में दो एकड़ जमीन क्रय की गई थी. उस समय जमीन की कीमत 64 लाख रुपए थी. आज उसी जमीन को मात्र 45 लाख रुपए में बेच दिया गया है. इसके पंजीयन के लिए दस्तावेज नया रायपुर स्थित रजिस्टार कार्यालय प्रस्तुत किया गया है, जिस पर वकीलों ने आपत्ति दर्ज कराई है.

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने बताया कि रायपुर गृह निवास समिति द्वारा कुछ वर्षों पहले जमीन खरीदी गई हैं, जिसके कार्य करने की जानकारी और शिकायत हमें प्राप्त हुई है. चूंकि इस गृह निवास समिति के सारे अधिवक्ता की जानकारी के बगैर जमीन का बिक्री हुई है. इस शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महंत भी नहीं लड़ना चाहते लोस चुनाव

**रायपुर, 3 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व स्पीकर डॉ चरणदास महंत ने लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर अनिच्छा जाहिर की है। हालांकि उन्होंने ये दावा किया कि पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस साल कांग्रेस की सीटें प्रदेश में बढ़ेंगी। सक्ती से विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री चरणदास महंत रविवार को कोरबा के प्रवास पर पहुंचे। साहू समाज के परिचय सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की और कहा कि कोरबा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। बता दें कि प्रत्याशी के तौर पर कांग्रेस से उनकी सांसद पत्नी ज्योत्सना महंत



और जय सिंह अग्रवाल के नाम की चर्चा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने बताया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों को ही चेहरे घोषित होने की प्रतीक्षा थी। बीजेपी ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। महंत ने कहा कि जहां तक कांग्रेस का सवाल है, हाईकमान का फैसला आखिरी होगा और इसी आधार पर प्रत्याशी चुनाव में जुटेंगे।

# महादेव ऐपः तलरेजा को रायपुर कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस

**रायपुर, 3 मार्च।** महादेव सट्टा ऐप के मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को लेकर श्वष्ठ की टीम रायपुर कोर्ट पहुंची है। मामले की सुनवाई के लिए छुट्टी के दिन भी कोर्ट खोला गया है। श्वष्ठ ने शुक्रवार को भोपाल से तलरेजा और कोलकाता से सूरज को गिरफ्तार किया था।

ईडी दोनों आरोपियों की रिमांड लेने का प्रयास करेगी। जांच के दौरान तलरेजा और रतनलाल जैन के शुभम सोनी के साथ करोड़ों का ट्रांजेक्शन मिला था। शुभम सोनी अभी फरार है। वहीं सूरज चोखानी पर शेयर मार्केट में महादेव सट्टा का पैसा लगाने का आरोप है। इसके अलावा रायपुर की विशेष कोर्ट में आज महादेव सट्टा, मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनील दम्मानी के बेल एप्लिकेशन पर भी सुनवाई होगी। शराब घोटाला मामले में पंजीयन पर तर्क होगा। कोयला घोटाला मामले में गिरफ्तार बसंत चंद्राकर, निखिल चंद्राकर और दीपेश टांक को लेकर भी सुनवाई होगी। दरअसल, दो सप्ताह पहले श्वष्ठ ने भिलाई से 25 साल के नीतीश दीवान को गिरफ्तार किया था। वैशाली नगर का रहने वाला नीतीश दीवान महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर के साथ ऐप के पैनल ऑपरेशन का काम करता था और 2 साल तक दुबई में रहा है। बताया जा रहा है कि उसकी निशानदेही पर ही टीम तलरेजा तक पहुंची है।

ईडी ने 28 फरवरी को रायपुर सहित कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर और मुंबई में एक साथ छापे मारे थे। सूत्रों के मुताबिक, श्वष्ठ ने इस मामले में एक हवाला ऑपरेटर हरिशंकर टिबरेवाल की पहचान की है। वह कोलकाता का रहने वाला है और फिलहाल दुबई में रहता है। बताया जा रहा है कि टिबरेवाल ने कही महादेव ऐप के प्रमोटरों के साथ मिलकर कथित रूप से अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काई एक्सचेंज का संचालन भी किया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, टिबरेवाल की ही 580.78 करोड़ की संपत्ति को पीएमएलए के तहत जब्त किया गया है। जांच के दौरान पता चला है कि आरोपी टिबरेवाल सट्टेबाजी में मिली रकम को अपनी दुबई स्थित इकाइयों से विदेशी पोर्टफोलियो के जरिए भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रहा था। उसने अपने कई सहयोगियों को कंपनियों का निदेशक बना रखा जो इसमें शामिल थे। इस मामले में श्वष्ठ अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी ने पहले कहा था कि महादेव ऐप से हुई अवैध कमाई का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। अब तक, श्वष्ठ ने इस मामले में दो आरोप पत्र दायर किए हैं। इनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफआरोप पत्र शामिल हैं। इसने पहले भी मामले में कई छापे मारे थे। श्वष्ठ के अनुसार, इस मामले में अनुमानित अवैध कमाई करीब 6,000 करोड़ रुपए की है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26